तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 36 अंक 101 | कोरबा, शनिवार, दिनांक 11 जनवरी 2025 डाक 12 जनवरी 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

विविधा

नागांव जिले में राख के पास माघ बिहू त्यौहार से पहले प्रकृति जागरूकता थीम वाली भेलाघर नामक एक अस्थायी झोपड़ी के सामने सेल्फी लेती लड़कियां

देश-विदेश

प्रधानमंत्री मोदी से मिले सीएम योगी कलश भेंटकर दिया महाकुंभ का निमंत्रण

फीचर

मौत के जोखिम को कम करने के लिए इस समय पीएं कॉफी, अध्ययन में आया सामने

राम जन्मभूमि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर श्री राम लला का महाभिषेक संपन्न

अयोध्या, 11 जनवरी [एजेंसी]।

आज से रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का वार्षिकोत्सव शुरू हो गया है। इसे प्रतिष्ठा द्वादशी नाम दिया गया है। पुजारियों ने रामलला का पंचामृत से महा अभिषेक किया। रामलला का दूध, दही, घी, शहद, शकर से अभिषेक किया गया। फिर उन्हें गंगाजल से नहलाया गया। इसके बाद रामलला का श्रृंगार किया गया। उन्हें सोने और चांदी के तारों से बुने गए वस्त्र पहनाए गए हैं। राम लला की पगड़ी में हीरा जड़ा है। इस अवसर पर भगवान राम की नगरी को एक बार फिर सजाया गया है। रामलला को भोग लगने के बाद पट खुल गए हैं। प्रतिष्ठा द्वादशी पर महाआरती शुरू

हो गई है। रामनगरी पहुंचे श्रद्धालु महाआरती का हिस्सा बन रहे हैं। इस विशिष्ट अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ 70 विशिष्ट संत उपस्थित रहेंगे।

प्राण प्रतिष्ठा द्वादशी पर रामलला के दर्शन को हिमाचल प्रदेश के भी श्रद्धालु पहुंचे। इस दौरान उन्होंने जय श्रीराम के जयकारे लगाते हुए मंदिर की ओर आगे बढ़े। प्राण प्रतिष्ठा द्वादशी पर रामलला के दर्शन को गुजराती श्रद्धालु भी पहुंचे। इस दौरान वह राम भजन का गायन करते हुए मंदिर पहुंचे। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर लिखा- 'अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर समस्त देशवासियों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं। सदियों के त्याग, तपस्या और संघर्ष से बना यह मंदिर हमारी संस्कृति और अध्यात्म की महान धरोहर है। मुझे विश्वास है कि यह दिव्य-भव्य राम मंदिर विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि में एक बड़ी प्रेरणा बनेगा। अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर समस्त देशवासियों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं। सदियों के त्याग, तपस्या और संघर्ष से बना यह मंदिर हमारी संस्कृति और अध्यात्म की महान धरोहर है। राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी 2024 को भूमध्याम से हुआ था।

आयकर अधिकारियों को छापेमारी के दौरान पूर्व बीजेपी विधायक के घर में मगरमच्छ मिले

भोपाल, 11 जनवरी [एजेंसी]।

मध्य प्रदेश में पूर्व बीजेपी विधायक के घर छापेमारी के दौरान आयकर अधिकारी एक अनोखा नजारा देखकर हैरान रह गए। हरवंश सिंह राठौड़ के घर के तालाब में उन्हें सोना, करोड़ों रुपये और बेनामी आयातित कारों के अलावा तीन मगरमच्छ और अन्य सरीसृप भी मिले।

आयकर विभाग के अधिकारियों की सूचना के बाद वन रक्षक पहुंचे और जानवरों को बचाया। मध्य प्रदेश वन बल प्रमुख असीम श्रीवास्तव ने बताया कि वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। मगरमच्छों के स्वास्थ्य की जांच की जा रही है। श्रीवास्तव ने कहा कि अदालत को इनके बारे में सूचित कर दिया गया है और वह कार्रवाई आगे बढ़ाएगी।

नक्सलियों की कायराना करतूत... बीजापुर में आईईडी ब्लास्ट

झारखंड निवासी सीआरपीएफ जवान घायल

बीजापुर 11 जनवरी। बीजापुर थाना क्षेत्र के महादेव घाट कैंप में पदस्थ जवान राकेश कुह्रों शनिवार की सुबह नक्सलियों के आईईडी विस्फोट की चपेट में आकर घायल हो गए। राकेश झारखंड के गुमला जिले के रानाडीह थाना क्षेत्र के कल्ला गांव के रहने वाले हैं। जवान के स्वजन को घटना की जानकारी दी गई है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंद्रकांत गवर्ना ने बताया कि शनिवार सुबह सीआरपीएफ 196 वाहिनी महादेव घाट से केंद्रीय रिजर्व बल (सीआरपीएफ) की टीम एरिया डोमिनेशन पर जंगल की ओर निकली हुई थी। इस दौरान नक्सलियों के लगाए गये प्रेशर आईईडी पर जवान का पैर पड़ने से विस्फोट हो गया। जवान के पैर व आंख में गंभीर चोट आई है। घायल जवान को उपचार के लिए जिला अस्पताल बीजापुर में उपचार के बाद रायपुर रेफर करने की तैयारी की जा रही है।

पत्रकार समेत 22 की मौत, संचार सेवा ठप होने का बढ़ा खतरा

गाजा, 11 जनवरी [एजेंसी]।

इजरायली हवाई हमलों में एक पत्रकार सहित करीब 22 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। ईंधन की कमी के कारण गाजा में संचार व्यवस्था ठप होने का खतरा भी बढ़ गया है। गाजा में सिविल डिफेंस के अनुसार, शुजाय्या इलाके के एक घर को निशाना बनाकर हवाई हमला किया गया। इस हमले में आठ लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। मध्य गाजा में अल-बुरीज शरणार्थी शिविर पर हवाई हमले में सात लोग मारे गए। दक्षिणी गाजा के खान यूनिस में नासेर अस्पताल के चिकित्सा अधिकारियों ने बताया कि शहर में कई स्थानों पर हुए हवाई हमलों के बाद चार शव बरामद किए गए। मध्य गाजा के अल-नुसेरात में अल-अवदा अस्पताल की ओर से बताया गया कि गोलाबारी और ड्रोन हमलों में अल-गाद टीवी के पत्रकार सईद नभान सहित तीन लोगों की मौत हो गई और छह लोग घायल हो गए। गाजा स्थित सरकारी मीडिया कार्यालय के अनुसार, नभान की मृत्यु के साथ, 7 अक्टूबर 2023 को संघर्ष शुरू होने के बाद से मारे गए पत्रकारों की संख्या बढ़कर 203 हो गई है। गाजा के संचार और डिजिटल अर्थव्यवस्था मंत्री अब्दुल रज्जाक अल-नतशा ने चेतावनी दी कि ईंधन की कमी के कारण शुक्रवार रात तक इंटरनेट और लैंडलाइन

सहित संचार सेवाएं बंद हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि ईंधन आपूर्ति पर इजरायल की नाकाबंदी का असर पड़ा है। जिससे आपातकालीन सेवाओं के बाधित होने होने का खतरा है। 7 अक्टूबर, 2023 को दक्षिणी इजराइल पर हमास के नेतृत्व वाले हमले के बाद संघर्ष शुरू हुआ, जिसमें 1,200 से अधिक इजरायली मारे गए और लगभग 250 बंधक बनाए गए। गाजा स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, गाजा में इजरायल की बड़े पैमाने पर सैन्य प्रतिक्रिया के कारण 46,000 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए हैं। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि शक्रवार को दक्षिणी लेबनान में एक इजरायली हवाई हमले में पांच लोग मारे गए और चार अन्य घायल हो गए। नागरिक सुरक्षा महानिदेशालय ने पांच शवों की बरामदगी की घोषणा की, जिसके बारे में उसने कहा कि वे दक्षिणी लेबनान के पूर्व में स्थित लेबनानी शहर खियाम पर हाल ही में इजरायली हमलों के दौरान मारे गए थे। 27 नवंबर, 2024 को लेबनान के साथ युद्धविराम समझौते के बावजूद इजरायल ने दक्षिणी और पूर्वी लेबनान में रुक-रुक कर हमले किए हैं, जिनमें से कुछ में हताहत भी हुए हैं। इजरायल डिफेंस फोर्स ने एक बयान में कहा कि इजराइली विमानों ने दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह के हथियारों से भरे एक वाहन पर हमला किया।

वो बर्दाश्त करने लायक नहीं, अरविंद केजरीवाल पर भड़के 2 केंद्रीय मंत्री, यूपी-बिहार वाले बयान पर जमकर कोसा

पटना, 11 जनवरी [एजेंसी]।

दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल के फर्जी वोटर वाले बयान पर सियासत तेज हो गई है। भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने केजरीवाल के बयान पर निशाना साधते हुए उन्हें परिणाम की चेतावनी दे डाली। वहीं, लोजपा-रामविलास के अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने भी केजरीवाल के बयान की निंदा की है। लोजपा-रामविलास के अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल द्वारा बिहारियों को फर्जी वोटर कहे जाने की निंदा की है।चिराग ने कहा कि अरविंद केजरीवाल बयान कतई बर्दाश्त करने लायक नहीं है। इसका नतीजा दिल्ली चुनाव में केजरीवाल को भुगतना पड़ेगा। चिराग ने कहा कि दिल्ली के विकास में यूपी और बिहार के लोगों की एक बड़ी भूमिका रही है। देश और दुनियाभर से लोग नई दिल्ली आते है, ऐसे में बिहारियों का अपमान करना एक सत्ताधारी पार्टी के पूर्व मुख्यमंत्री को शोभा नहीं देता। अरविंद केजरीवाल ने जिस तरीके से पूर्वांचल के लोगों का अपमान किया है उसका परिणाम आने वाले चुनाव में आम आदमी पार्टी को भुगतना पड़ेगा।केंद्रीय मंत्री एवं जदयू के वरिष्ठ नेता राजीव रंजन सिंह ऊर्फ ललन सिंह ने भी पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल के बयान पर निशाना साधा है।ललन सिंह ने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में हार देख रहे आप के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल हताश हो गए हैं। चुनाव आयोग को दिए गए बयान में उनकी हताशा स्पष्ट होती है।

अफगानिस्तान में फिर लगे भूकंप के झटके 24 घंटे के अंदर दूसरी बार डोली धरती

अफगानिस्तान। अफगानिस्तान में 4.2 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर ऑफ सीस्मोलॉजी (एनसीएस) ने बताया कि अफगानिस्तान में 4.2 तीव्रता का भूकंप आया है। भूकंप उत्तरी अफगानिस्तान में भारतीय मानक समय पर सुबह 05.05 बजे आया। इसकी डिटेल एक्स पर भी साझा की गई थी। नेशनल सेंटर ऑफ सीस्मोलॉजी के मुताबिक, 4.2 तीव्रता का भूकंप 10 किलोमीटर की गहराई पर आया। इसे अधिकतर 37.33 एन और देशांतर 74.62 ई पर दर्ज किया गया।

प्रतिबंधित संगठन का सदस्य गिरफ्तार



मणिपुर। पुलिस ने शनिवार को बताया कि प्रतिबंधित संगठन हमार पीपुल्स कन्वेंशन (डेमोक्रेटिक) के 48 वर्षीय सदस्य को मणिपुर के जिरीबाम जिले में गिरफ्तार किया गया और उसके कब्जे से विस्फोटक सामग्री बरामद की गई। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि राज्य पुलिस और असम राइफल्स की संयुक्त टीम ने गुरुवार को बराक नदी के किनारे तुइसोलेन गांव के पास से उसे गिरफ्तार किया। अधिकारी ने बताया, उसके कब्जे से बीस विस्फोटक छड़ें, 11 डेटोनेटर, एक मीटर सेफ्टी फ्यूज और 44 साबुन के डिब्बे बरामद किए गए, जिनमें 457 ग्राम वजन की संदिग्ध ब्राउन शुगर थी। प्रतिबंधित संगठन का गिरफ्तार सदस्य फेरजावल जिले के लुंगथुइलियन गांव का रहने वाला है। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि यह पता लगाने के लिए जांच चल रही है कि उग्रवादी कुकी-जो बहुल फेरजावल जिले से विस्फोटक और ड्रग्स लेकर जिरीबाम क्यों आया। पिछले साल मई से मणिपुर में जातीय हिंसा में 250 से अधिक लोग मारे गए हैं और हजारों लोग बेघर हो गए हैं।

ट्रेन के एसी कोच में लगी आग, दुर्ग स्टेशन के पास हड़कंप

दुर्ग, 11 जनवरी [एजेंसी]।

बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां ट्रेन के एक बोगी में भीषण आग लग गई। घटना के बाद अफरातफरी का माहौल हो गया। आग की लपटों को देखते हुए मौके पर पहुंची रेलवे और दमकल विभाग की टीम ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया। मिली जानकारी के अनुसार, घटना दुर्ग रेलवे स्टेशन का है। बताया जा रहा है कि जो दुर्ग स्टेशन में है। इस जगह पर खाली ट्रनों को खड़ा किया जाता है। इसी दौरान यहां पर एक खड़ी ट्रेन के एसी कोच में भीषण आग लगी है। देखते ही देखते आग इतना विकराल रूप ले लिया कि दूर दूर तक

इसके धूए दिखाई दे रहे थे। इस भीषण आग से एक बोगी पूरी तरह से जलकर खाक हो गई है।

सूचना के बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम की मदद से आग पर काबू पाने की कोशिश कर रही है। बताया जा रहा है कि तीन से अधिक फायर ब्रिग्रेड की गाड़ियां आग पर काबू पाने के लिए लगी हुई है। रेलवे प्रबंधन के अधिकारी भी यहां पर मौजूद है। हालंकि राहत की बात ये है कि इस घटना से किसी प्रकार की हताहत की खबर नहीं है। फिलहाल आग किस वजह से लगी है इसकी जानकारी सामने नहीं आई है।

लॉस एंजेलिस में आग का तांडव

मस्क-ट्रंप ने किसे ठहराया जिम्मेदार, हजारों इमारतें हुई खाक, 11 लोगों ने गंवाई जान

लॉस एंजेलिस। अमेरिका के कैलिफॉर्निया स्थित लॉस एंजेलिस में लगी आग लगातार फैलती जा रही है। आग की वजह से 11 लोगों की जान चली गई है, जबकि लाखों लोग बेघर हो गए हैं। यहां तक की कई हॉलीवुड हस्तियों के घर भी जलकर खाक हो गए हैं। कैलिफोर्निया के जंगलों में लगी आग की वजह और इसके फैलने के तरीके के बारे में अलग-अलग कारण बताए जा रहे हैं, लेकिन कई लोग अग्निशमन विभाग में विविधता, समानता और समावेश

को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। इसको लेकर टेस्ला के सीईओ एलन मस्क और बिल एकमैन ने भी पोस्ट किया है। इस बीच, नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जंगल में लगी आग के लिए डेल्टा स्मेल्ट नामक एक छोटी मछली को जिम्मेदार ठहराया है।मस्क ने कई वीडियो पोस्ट किए हैं, जिनमें उन्होंने अग्निशमन विभाग की DEI पहल को जंगल में लगी आग के फैलने का कारण बताया। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने ट्रुथ सोशल हैंडल पर डेल्टा स्मेल्ट मछली को लेकर गवर्नर गेविन न्यूजॉम पर हमला बोला। ट्रंप ने कहा कि स्मेल्ट नामक एक बेकार मछली को कम पानी देकर बचाने के लिए कैलिफोर्नियां के लोगों की परवाह नहीं की गई और आज सभी इसका अंजाम देख रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि ये आपदा खुद लाई गई है। उन्होंने कहा कि इस बेकार गवर्नर से मैं मांग करता हूं कि कैलिफोर्निया में साफ और ताजा पानी बहने दें। आज फायर हाइड्रेंट के लिए पानी नहीं है और न ही अग्निशमन विमानों के लिए।

लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि आज, मल्लिकार्जुन खड़गे और नितिन गडकरी ने दी श्रद्धांजलि



नईदिल्ली, 11 जनवरी [एजेंसी]।

भारत के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की आज पुण्यतिथि है। उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने उन्हें याद किया। मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को अपने एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, लाल बहादुर शास्त्री ने कहा था, मेरी समझ से प्रशासन का मूल विचार समाज को एकजुट रखना है, ताकि वो विकास कर सके और अपने लक्ष्यों की तरफ बढ़ सके। उन्होंने आगे कहा, जय जवान, जय किसान के प्रेरक, महान गांधीवादी, हमारे आदर्श, पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर हम उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उन्होंने देश को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। भूमि सुधार से लेकर दुग्ध क्रांति की नींव रखने तक, रेलवे में थर्ड क्लास को खत्म करने से लेकर 1965 की जंग तक, अपनी सरलता एवं सादगीपूर्ण जीवन से सबके प्रेरणास्रोत बने, शास्त्री ने देश की उन्नति के लिए हमेशा काम किया। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा, देश के पूर्व प्रधानमंत्री 'जय जवान जय किसान' के प्रणेता भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र अभिवादन।

डिवाइडर पार कर दूसरी तरफ से आ रही कार को मारी टक्कर, एक शख्स की मौत

नई दिल्ली। दिल्ली के भीकाजी कामा प्लेस में बड़ा हादसा हुआ है। यहां डिवाइडर पार कर एक ऑडी कार ने दूसरी तरफ से आ रही अर्टिगा कार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि

हादसे में अर्टिगा कार के ड्राइवर की मौत हो गई और कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद ऑडी सवार कार छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने ऑडी कार बरामद कर ली है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा के जरिए ऑडी कार चलाने वालों का पता लग रही है।

स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म, गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद)
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर, रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक, बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

वन भूमि पर मालिकाना हक मिलने से वनवासियों को मिली स्थिरता, अब निश्चिंत होकर कर रहे जीवन यापन

सविता निश्चिंत होकर अपनी काबिज जमीन पर कर रही खेती किसानी

वनाधिकार पत्र मिलने से मिली सुरक्षा, अब बेदखली का नहीं रहा कोई डरः- लाभार्थी सविता

कोरबा। वनभूमि में काबिज वनवासियों को उनकी जमीन का मालिकाना हक मिलने से अनेक आर्थिक रूप से पिछड़े जीवनों की जिंदगियां बदल रही है। अब ग्रामीण निश्चिंत होकर काबिज जमीन पर खेती कर अपना जीवन यापन कर रहें हैं और अपने परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत करने का प्रयास कर रहे है।

कोरबा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत सिमकेन्दा के आश्रित ग्राम तीरतडाड़ की सविता बाई को वनाधिकार पत्र मिलने से उनके जीवन में बड़ा बदलाव आया है। हितग्राही ने कहा कि पूर्वजों के काबिज जमीन का स्वांमित्व अधिकार मिलने से उनके परिवार के भरण-पोषण की चिंता अब नहीं रह गई है। पीढ़ी दर पीढ़ी उनका परिवार इस जमीन पर कृषि कार्य करते आया है। इसी 0.526 हेक्टेयर भूमि का वन अधिकार पत्र उन्हें प्राप्त हुआ है। सविता कहती है कि रोजगार के अन्य साधन न होने के कारण वे अपने जीवन यापन के लिए मजदूरी एवं खेती पर ही निर्भर है।

लाभार्थी ने बताया कि पहले उन्हें काबिज भूमि से बेदखली का डर रहता था परंतु अब जमीन का

मालिकाना हक मिलने से बेदखली का डर नहीं है। अब वे बिना किसी चिंता के उस जमीन पर खेती कर रहे हैं। वनाधिकार पट्टा मिलने के बाद सविता ने अपनी खेती को और बेहतर बनाने की दिशा में काम शुरू किया। अब उन्हें अपनी भूमि पर फसल उगाने का पूरा अधिकार मिल गया है और वे इसकी बेहतर देखभाल भी कर रही हैं। अपनी मेहनत से वह अपने परिवार की मदद कर रही हैं। उनके द्वारा धान के साथ ही मौसमी सब्जियों का उत्पादन भी किया जा रहा है। जिससे उनकी आमदनी में वृद्धि हुई है। वनाधिकार पट्टा मिलने से सविता का न केवल डर समाप्त हुआ, बल्कि उन्होंने अपनी मेहनत और कड़ी लगन से खुद को और अपने परिवार को एक नई दिशा दी है।

कांग्रेस पार्टी की बैठक में निगम चुनाव पर हुई चर्चा

कोरबा। नगर पालिक निगम कोरबा के आगामी चुनाव को लेकर कांग्रेस कार्यालय में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कांग्रेस कार्यकर्ता का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि कांग्रेस का हर एक कार्यकर्ता कांग्रेस का परिवार है। सभी कार्यकर्ता मिलकर किसी एक कार्यकर्ता को सांसद, विधायक, महापौर और पार्षद बनाते है। नगरीय निकाय के चुनाव में प्रत्येक वार्ड से 5-7 कार्यकर्ता चुनाव लड़ने की इच्छा रखते है लेकिन किसी एक को पार्टी का टिकट मिलता है। ऐसे में कई बार यह देखने को मिला है कि जल्दबाजी में निर्णय लेते हुए कुछ कार्यकर्ता चुनावी मैदान निर्दलीय उतर जाते है। ऐसे में उसका स्वयं का तथा साथ में पार्टी प्रत्याशी को भी नुकसान उठाना पड़ता है। श्री अग्रवाल ने कहा कि इस बार ऐसा नहीं होना चाहिए जिसे भी टिकट मिले, उसे जिताने के लिए हम सबको एक जूटता से प्रयास करने होंगे।

महापौर, सभापति व पार्षदो के कार्यकाल का आज आखिरी दिन के अवसर पर पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि महापौर राजकिशोर प्रसाद ने पूरे पांच वर्ष तक पूरी क्षमता के साथ पूरे 67 वार्डो में बिना किसी भेदभाव के साथ विकास कार्य कराया है। कोरोना काल एवं विपरीत परिस्थितियों में भी राजकिशोर प्रसाद कोरबा के विकास के लिए कार्य करते रहे हमें तरह सभी पार्षदो ने भी अपने-अपने वार्ड में बेहतर कार्य करते हुए वार्डवासियों के मूलभूत आवश्यक सुविधाओं का ध्यान रखा जो

सराहनीय है। महापौर राजकिशोर प्रसाद ने खड़े होकर सभी का अभिवादन स्वीकार करते हुए कहा कि आज मेरे लिए बहुत ही भावुक क्षण है ये सम्मान देने के लिए आप सबका हार्दिक आभार एवं धन्यवाद देता हूँ। मैं एक सामान्य कार्यकर्ता के रूप में कार्य करता रहा जिसे आपने आज इस मुकाम पर पहुंचा दिया।

मैंने अपने पाँच वर्ष के महापौर कार्यकाल में क्षेत्र के आमजनों की आवाज को सुना उनके पास जाकर उनके समस्याओं को देखा अधिकारियों को तत्काल निर्देश दिया।शासन, प्रशासन को पत्र लिखा, काम हुए, कुछ अभी भी हो रहे है। मैंने सभी पार्षदों को समान रूप से सम्मान देने का काम किया। बैठक को सभापति श्याम सुंदर सोनी, सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल, सत्येन्द्र वासन, उषा तिवारी, रेखा त्रिपाठी, संतोष राठौर, दुष्यंत शर्मा, सनीष कुमार, मुकेश राठौर, सुख सागर निर्मलकर, पालूराम, कुपाराम साहू, विकास सिंह, सनंद दिवान, डॉ. गोपाल कुर्रे, कुसुम द्विवेदी, अर्चना उपाध्याय, दिनेश मालती किन्नर ने भी संबोधित किया एवं श्रीमती सपना चौहान ने आभार प्रदर्शन किया।बैठक में अनेकों कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

निगम चुनाव हेतु कांग्रेसजनों की आवश्यक बैठक 12 जनवरी को

कोरबा । जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष श्रीमती सपना चौहान ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि दिनाँक 12 जनवरी 2025 दिन रविवार को दोपहर 12 बजे टी पी नगर स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में निगम क्षेत्र के कांग्रेसजनों की आवश्यक बैठक आहूत की हैं। श्रीमती सपना चौहान ने बताया कि नगरीय चुनाव के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक गुरूमुख सिंह होरा (प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक) बैठक लेंगे और आवश्यक दिशा-निर्देश देंगे। श्रीमती चौहान ने नगर पालिक निगम कोरबा के सभी 67 वार्ड के कांग्रेस कार्यकर्ता, वार्ड प्रकोष्ठ के पदाधिकारी भी को आमंत्रित किया हैं।

निगम चुनाव में रेणु का प्रत्याशी बनाए जाने की मांग हुई तेज

कोरबा। नगर निगम महापौर सीट के सामान्य महिला वर्ग के लिए आरक्षित होते ही, एक बार फिर पूर्व महापौर रेणु अग्रवाल का नाम चर्चा में आ गया है। उनके द्वारा पूर्व में किए गए विकास कार्यों और नेतृत्व क्षमता को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं ने फिर से उन्हें टिकट देने की मांग शुरू कर दी है। कार्यकर्ताओं का मानना है कि कोरबा नगर निगम में महापौर की सीट पर सफलता पाने के लिए पूर्व महापौर ही सबसे उपयुक्त उम्मीदवार हैं। उनके कार्यकाल में किए गए शहर के विकास कार्य और जनसंपर्क में उनके योगदान को लेकर पार्टी के भीतर ही काफी सकारात्मक प्रतिक्रिया है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि रेणु अग्रवाल ने महापौर रहते हुए कोरबा में कई अहम विकास परियोजनाओं को लागू किया, जिससे शहर की तस्वीर बदलने में मदद मिली। रेणु अग्रवाल की जनप्रियता और उनके द्वारा किए गए कार्यों को देखते हुए, कांग्रेस पार्टी के कई कार्यकर्ता उन्हें ही इस बार टिकट देने की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि कोरबा नगर निगम में एक मजबूत नेतृत्व की आवश्यकता है, और रेणु अग्रवाल उस नेतृत्व का प्रतिनिधित्व करती हैं।

इस बीच, पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के बीच भी इस मुद्दे पर चर्चा जारी है। कुछ अन्य नेताओं ने भी अपनी दावेदारी पेश की है, लेकिन रेणु अग्रवाल की दावेदारी को लेकर कार्यकर्ताओं का समर्थन काफी मजबूत दिखाई दे रहा है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि कांग्रेस पार्टी आगामी नगर निगम चुनावों के लिए किसे अपना चेहरा बनाती है और क्या एक बार फिर रेणु अग्रवाल को पार्टी का उम्मीदवार बनाकर कोरबा में सफलता की ओर कदम बढ़ाएगी।

मानिकपुर खदान के ओवर मैनदास को कोयला मंत्री ने किया सम्मानित

कोरबा। कोयला एरिया के मानिकपुर खुली खदान में सीनियर ओवरमैन के पद पर कार्यरत ऊर्जावान कोल कर्मी सुब्रत कुमार दाश को भारत सरकार कोयला मंत्रालय की ओर से पुरस्कृत किया गया है। उन्हें कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी ने अपने हाथों से सम्मानित किया। स्श्वष्टस से गैर अधिकारी वर्ग में चयनित होकर श्री दाश यह अवॉर्ड हासिल करने वाले इकलौते कर्मी हैं। उनकी इस सफलता से क्षेत्र में हर्ष एवं गर्व की लहर है। उल्लेखनीय होगा कि कोयला मंत्रालय द्वारा टॉप 20 आईगॉट परफॉर्मिर्स को पुरस्कृत किया गया। इनमें सुब्रत कुमार दाश इकलौते कर्मी हैं जो गैर अधिकारी वर्ग से पुरस्कृत हुए। उन्हें 7 जनवरी को राष्ट्रीय राजधानी नईदिल्ली स्थित सुषमा स्वराज भवन में आयोजित कोयला मंत्रालय के चिंतन शिविर में पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के दौरान बेस्ट 20 परफॉर्मिर्स को भारत के कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी ने अपने हाथों से सम्मानित किया। इसके पूर्व उन्होंने शास्त्री भवन में इन सभी परफॉर्मिर्स से संवाद भी किया था। इन 20 परफॉर्मिर्स में कोल इंडिया की कंपनी एसईसीएल से एकमात्र सुब्रत कुमार दाश को यह अवॉर्ड अर्जित किया है। श्री दाश कोरबा एरिया के मानिकपुर खुली खदान में सीनियर ओवरमैन के पद पर कार्यरत हैं। उन्हें कोयला मंत्री भारत सरकार ने पुरस्कृत किया। उन्होंने पिछले साल ही ई-लर्निंग के 207 पाठ्यक्रम सफलता पूर्वक 271 घंटे में पूरा किया है। विदित हो कि एसईसीएल में लर्निंग कल्चर को विकसित व पोषित करने के

उद्देश्य से मिशन नचिकेता शुरू किया गया हैं। इससे कर्मियों में पढ़ने और सीखने की प्रवृति का उन्नयन हो रहा है। ऐसे में सुब्रत कुमार दाश अन्य कर्मचारियों के लिए प्रेरणा बनकर उभरे हैं। इस उपलब्धि से गौरवान्वित करने पर स्श्वष्टरकोरबा एरिया के महाप्रबंधक दीपक पंडुया ने भी खुशी व्यक्त करते हुए ओवरमैन सुब्रत कुमार दाश को सम्मानित किया।

ऑगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों हेतु अनंतिम सूची जारी

14 से 23 जनवरी 2025 तक दावा आपत्ति आमंत्रित

कोरबा । एकीकृत बाल विकास परियोजना कोरबा (शहरी) के आंगनबाड़ी सहायिका के 05 रिक्त पदां हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे जिसकी जांच एवं परीक्षण उपरांत अनंतिम मूल्यांकन पत्रक जारी किया गया है। साथ ही जारी मूल्यांकन पत्रक पर दावा आपत्तियां आमंत्रित की गई है। इच्छुक आवेदिकाएं आगामी 14 से 23 जनवरी 2025 तक कार्यालयीन दिवस में प्रातः 10 से 5:30 बजे तक परियोजना कार्यालय में अपनी दावा आपत्तियां सीधे एवं पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट/कोरियर के माध्यम से जमा कर सकते है। समयावधि समाप्त होने उपरांत प्राप्त दावा आपत्तियां स्वीकार नहीं किया जाएगा। दावा आपत्ति मूल्यांकन पत्रक में दिये गये अंको के अधार पर आपत्ति, नाम, पति-पिता के नाम, जन्मतिथि त्रुटि संबंधित आवेदन पर विचार किया जाएगा एवं दावा आपत्ति में नवीन दस्तावेज स्वीकार नहीं किया जाएगा। दावा आपत्ति हेतु मूल्यांकन पत्रक परियोजना कार्यालय तथा नगर निगम के सूचना पटल पर देखे जा सकते है। इसके अतिरिक्त संबंधित वार्ड के पार्षदगणों को एवं आंगनबाड़ी केन्द्र में भी मूल्यांकन पत्रक उपलब्ध कराए गए है। जिससे समस्त आवेदिकाओं तक जानकारी उपलब्ध कराई जा सके।

निकाय एवं पंचायती चुनाव में अपना प्रत्याशी उतारेंगी जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी

कोरबा। आगामी नगरीय निकाय एवं त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव और संगठन विस्तार के विषय को लेकर जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी और छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना का अति महत्वपूर्ण जिला स्तरीय बैठक सम्पन्न हुवा । बैठक में जिले के प्रत्येक खंड से जेसीपी एवं सीकेएस संगठन के सैकड़ो सेनानी एवं महिला पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

सभी ने एक राय होकर आगामी नगरीय निकाय चुनाव एवं त्रि स्तरीय पंचायती चुनाव में जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के प्रत्यासी उतारने एवं अपने प्रत्यासी को विजयी बनाने हर संभव प्रयास करने का वचन दिए। साथ ही संगठन विस्तार के लिए सघन जनसंपर्क करने की योजना बनी । बैठक में प्रमुख रूप से जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के प्रदेश संगठन मंत्री सुरेन्द्र राठौर, जिला अध्यक्ष जैनेन्द्र कुर्रे, जिला महामंत्री बादल दुबे, जिला संगठन मंत्री सुरेश पटेल, दीपका अध्यक्ष नोभित लाला साहू, छुरी अध्यक्ष देव हंस, महावीर यादव जेसीपी महिला जिला अध्यक्ष चंचल महंत,जिला उपाध्यक्ष सुनीता खूंटे, सुमित्रा महंत साथ ही पार्टी के सैकड़ो सदस्य और छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना जिला अध्यक्ष सुरजीत सोनी, जिला संयोजक नवल साहू, ओम केवट, बसंत चंद्राकर, राजा श्रीवास, राकेश, महिपाल, कन्हैय्या, देव गोड़, सागर सहित सैकड़ों सेनानी उपस्थित थे ।

समाजसेवी व युवा नेता प्रवीण सिंह ने आंगनबाड़ी बच्चों व अस्पताल में मरीजों को भोजन खिलाकर मनाया अपना जन्मदिन, कहा- लोगों के बीच खुशियां बांटने से बढ़ती है खुशियां

पाली। नगर के युवा नेता व समाजसेवी प्रवीण सिंह ठाकुर (चिंटू भैया) ने आज अपने जन्मदिवस के शुभ अवसर पर नगर स्थित ऐतिहासिक शिव मंदिर शिवालय का प्रातः पूजा- पाठ व दर्शन किया तत्पश्चात अपने सहयोगियों के साथ आंगनबाड़ी पहुँच बच्चों को पोषण युक्त भोजन खिलाया साथ ही उन बच्चों के साथ खुशियां बांटी। जिसके बाद समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जाकर केंद्र में भर्ती मरीजों व उनके साथ गरीब असहाय परिजनों को भी भोजन और फल वितरण किया। बता दें कि प्रवीण सिंह ठाकुर हर वर्ष अपना जन्मदिन सामाजिक रूप से व सरकारी अस्पतालों पर गरीब और असहाय लोगों के बीच मनाते हैं और लोगों को प्रेरित करते हैं कि जन्मदिन के अवसर पर सभी जरूरतमंद लोगों की मदद करें ऐसा करने से उन्हें शांति और समाज सेवा करने की प्रेरणा मिलती रहती है साथ ही खुशियां भी दुगुनी होती है। प्रवीण सिंह ठाकुर पूर्व श्रम आयोग मंडल छत्तीसगढ़ शासन के सदस्य रहे व पाली क्षेत्र के दिग्गज तथा कांग्रेस के चर्चित नेता नवीन सिंह ठाकुर के अनुज है। नवीन सिंह अपनी मिलनसार व्यक्तित्व से युवा वर्ग के बीच गहरी पैठ रखते है तथा सामाजिक रूप से सभी लोगों से जुड़े हुए है। आज उनके जन्मदिन के इस मौके पर भोजन वितरण कार्यक्रम में बीएमओ डां. अनिल सराफ, अधिवक्ता राजेश राठौर सहित शैलेन्द्र वैष्णव, पवन सैनी, उदल सागर, प्रकाश दास, संदीप सैनी, बसंत यादव, जय वैष्णव सहित उनके शुभचिंतक व साथीगण मौजूद रहे।

वालेंटियरी कंट्रीब्यूशन में बढ़ोतरी को लेकर हुई चर्चा

कोरबा। कोयला खान भविष्य निधि संस्थान (सीएमपीएफओ) से संबंधित पेंशन फंड की मजबूती के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति की चौथी बैठक सीआईएल मुख्यालय में आयोजित हुई। बैठक में अंशदान बढ़ाने पर चर्चा की गई। पेंशन फंड की मजबूती के लिए उच्च स्तरीय समिति का गठन जून 2024 में किया गया था। समिति के पहली बैठक एक जुलाई, 2024 को हुई थी। इसके बाद 30 सितंबर, 2024 को नई दिल्ली में इसकी बैठक हुई। तीसरी बैठक 26 दिसंबर को आयोजित की गई थी। इसी कड़ी में अब चौथी बैठक हुई है।

जानकारी के अनुसार बैठक में वालेंटियरी कंट्रीब्यूशन में बढ़ोतरी को लेकर चर्चा की गई। कोल इंडिया प्रबंधन द्वारा वर्तमान में प्रति टन कोयले पर 10 रुपए का अंशदान कोयला खान भविष्य निधि संस्थान को दिया जा रहा है। पेंशन फंड की मजबूती के लिए सीआईएल का वालेंटियरी कंट्रीब्यूशन यदि 25 रुपए प्रति टन की वृद्धि की जाती है ।

डाइट में कला शिक्षण अंतर्गत छात्र एवं अध्यापकों ने चित्रों को किया प्रदर्शित

कोरबा। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान कोरबा में 6. 1. 2025 से 8 .1.2025 तक तीन दिवसीय कला शिक्षण के अंतर्गत डीएलएड प्रथम वर्ष के छात्र अध्यापकों के द्वारा चित्रकला पेंटिंग छत्तीसगढ़ी व्यंजन एवं शिल्प कला काष्ठ कला मिट्टी कला के अंतर्गत प्राचीन परंपरागत एवं नवीन संस्कृतियों को पुनः स्थापित करने का प्रयास डाइट के प्राचार्य राम हरि सराफ के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में एवं वरिष्ठ व्याख्याता श्रीमती जी कुमार के मार्गदर्शन यह कार्यक्रम कुशलता से संचालित किया गया।

कला शिक्षा के अंतर्गत चित्रकला पेंटिंग जिसमें वर्ली आर्ट मधुबनी आर्ट लिप्पन आर्ट एवं अन्य कलाओं के माध्यम से छात्र अध्यापकों ने अपनी मनन चिंतन एवं रचनात्मक कौशल के आधार पर विभिन्न रंगों का समायोजन करते हुए खूबसूरत चित्रों को प्रदर्शित किया जिसके माध्यम से कक्षाओं में अध्यापन कार्य को रुचिकर एवं सुगम बनाया जा सकता है।

इसी प्रकार शिल्प कला में वॉटरफॉल वॉलपुट्टी एवं मिट्टी के द्वारा प्रकृति के सुंदर आकृतियों को बनाया गया और विभिन्न प्रकार के प्राचीन कृत्रिम गहनों से सजाया गया इसी प्रकार उनकी कलात्मक क्षमता का विकास स्पष्ट दिखाई दिया । हमर संस्कृति हमर पहचान छत्तीसगढ़ के सुघर पकवान के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के तीज त्योहार में बनाए जाने वाले पकवान ठठरी खुरमी इरिस बोगरा चौसेला सोहारी लाडू फरा गुलगुला देहाती बड़ा तिल लड्डू फली लड्डू आदि व्यंजनों का छात्र अध्यापकों ने स्वयं निर्माण कर प्रदर्शित किया जिसका डाइट के समस्त छात्र अध्यापक एवं समस्त स्टाफ ने संगीतमय वातावरण में आनंद उठाया डीएलएड का कोर्स प्राथमिक विद्यालय स्तर पर शिक्षक बनने की पूर्व प्रशिक्षण होता है जिनका बहुमुखी विकास इस प्रशिक्षण के माध्यम से सुनिश्चित होता है अतः डाइट के समस्त अकादमिक सदस्य निरंतर छात्र अध्यापकों की प्रतिभा को निखारने हेतु प्रयत्नशील रहते हैं ताकि छत्तीसगढ़ के शासकीय विद्यालयों को बहुमुखी प्रतिभा से संपन्न शिक्षक मिल सके ।

इस कार्यक्रम में कला शिक्षण प्रभारी श्रीमती जी. कुमार के अलावा वरिष्ठ व्याख्याता एवं पी एस टी ई प्रभारी श्री पीके कौशिक आई एस टी प्रभारी श्री अरविंद शर्मा व्याख्याता श्रीमती आर आर जाटवर श्री गौरव शर्मा श्रीमती जसप्रीत कौर फ्लोरा श्रीमती किरण लता शर्मा श्रीमती चेतना श्रीमती आशु गुप्ता श्रीमती पूजा बघेल एवं समस्त कार्यालय स्टाफ का सराहनीय सहयोग रहा।

तहसीलदारों के प्रभार में किया गया फेरबदल

कोरबा । कोरबा जिला कलेक्टर अजीत वसंत ने विभागीय कामकाज में कसावट लाने के लिए तहसीलदारों का तबादला आदेश जारी किया है। जारी आदेश में बरपाली तहसीलदार राहुल पांडेय को कोरबा जिला कार्यालय में संलग्न किया गया है।

प्रतिस्पर्धा केवल जीतने का नहीं सीखने का मार्ग है : डॉ गुप्ता

कोरबा। अवंतिका पेंटिंग एंड कलरिंग कंपटीशन एक अति महत्वपूर्ण कंपटीशन है जो छात्रों की योग्यता और कौशल की मान्यता का प्रतीक है। ये पदक हर साल कला में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए छात्रों को दिए जाते हैं। इंडस पब्लिक स्कूल दीपका के विद्यार्थियों ने भी अवंतिका ड्राइंग एंड कलरिंग कंपटीशन में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और विभिन्न पदक अपने नाम किए। इस प्रतियोगिता में लगभग सभी कक्षा के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और एप्रिशिएसन सर्टिफिकेट के अलावा विभिन्न पदक अपने नाम किए। विभिन्न कक्षा स्तर के लिए ड्राइंग एंड कलरिंग हेतु टास्क भी अलग-अलग निर्धारित किए गए थे । भी चित्रों पर नन्हे मुन्ने सितारों ने अपने भावनाओं को बहुत सुंदर ढंग से व्यक्त किया । रंगों के संसार में बच्चों ने अपनी भावनाओं को उकेरा। अवंतिका ड्राइंग एवं कलरिंग अवार्ड में गोल्ड मेडल से निहारिका सिंह (यूकेजी), युविका, विवान (1 ए), दीपाली नायक,अदिति चंद्रा (क्लास 2) को पुरस्कृत किया गया। सिल्वर मेडल से अयांश सिंह (क्लास नर्सरी), सर्विका मिश्रा (क्लास एलकेजी), द्वितीया, तेजस शाही अनन्या सिंह (क्लास यूकेजी) को नवाजा गया। सरोज गुप्ता अवार्ड से हितार्थ अग्रवाल (क्लास प्ले ग्रुप), आरव ,वैष्णवी परिडा ,खुशी साहू (क्लास एलकेजी), देवांश कोराम वर्णिका ,सनाया सोनी, परिधि (क्लास एलकेजी) को सम्मानित किया गया।सभी विद्यार्थी प्राचार्य एवं मुख्य अतिथि के हाथों पदक प्रकार प्रसन्न चित्त नजर आए। इस प प्रतियोगिता को संपन्न कराने में प्री प्राइमरी की सभी शिक्षिकाओं का विशेष सहयोग एवं योगदान रहा। विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर संजय गुप्ता ने कहा कि बच्चों की

कल्पनाओं का एक अलग ही संसार होता है। उनकी कल्पनाओं का अंदाजा लगाना मुश्किल है। हमें अधिक से अधिक रचनात्मक कार्यों में उन्हें मजबूत रखना चाहिए। कहा भी जाता है कि होनहार बिरवान के होत चिकने पात अर्थात विद्यार्थी में यदि प्रतिभा है तो उसकी झलक हमें बचपन में ही देखने को मिल जाती है। हमें चाहिए कि हमें उन्हें अधिक से अधिक सीखने का अवसर देना चाहिए अर्थात् एक सकारात्मक व ऊर्जावान माहौल में ही बच्चों को हमेशा रखना चाहिए और हमेशा से हमारी यही कोशिश रहती है।

बच्चों की रचनात्मकता को परवाज देने हेतु हम विद्यालय में प्रत्येक राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता करवाते रहते हैं। और बेशक विद्यालय के विद्यार्थी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न पदों पर अपना नाम अंकित अवश्य करते हैं। यह सब संभव होता है यहां के समर्पित स्टाफ और सकारात्मक माहौल की वजह से। सीखने के लिए एक प्रभावी परिवेश का निर्माण करने हेतु हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारे सभी विद्यार्थी मिल-जुल कर सहयोगपूर्वक काम करें, न कि एक-दूसरे के प्रतिस्पर्धी के रूप में काम करें।सीखना एक साथ नहीं होता न ही एकाएक होता है यह तो पूर्व ज्ञान की सहायता से निर्मित व विकसित होता है । प्रतिदिन प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में नए अनुभवों को एकत्र करता रहता है, ये नवीन अनुभव, व्यक्ति के व्यवहार में वृद्धि तथा संशोधन करते हैं। इसलिए यह अनुभव तथा इनका उपयोग ही सीखना या अधिगम करना कहलाता है।

भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का हुआ भव्य स्वागत

कोरबा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष मनोज शर्मा ने पार्टी को संगठित और सशक्त बनाने के उद्देश्य से दर्री, कोसाबाड़ी, बालको और कोरबा मंडलों का दौरा किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उनका भव्य स्वागत किया। फूल-मालाओं और जयघोष के साथ उनका अभिवादन किया गया, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल बन गया।मनोज शर्मा ने अपने संबोधन में पार्टी की एकता और भाईचारे पर जोर देते हुए कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि भाजपा की सफलता का आधार कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे एकजुट होकर समाज में पार्टी की नीतियों और योजनाओं को पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए सभी कार्यकर्ताओं को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं को पार्टी के मूल सिद्धांतों पर कायम रहते हुए समाज सेवा और विकास कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने की प्रेरणा दी। मनोज शर्मा ने यह भी कहा कि संगठन में सभी को समान रूप से अवसर दिया जाएगा और उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

वालेंटियरी कंट्रीब्यूशन में बढ़ोतरी को लेकर हुई चर्चा

कोरबा । कोयला खान भविष्य निधि संस्थान (सीएमपीएफओ) से संबंधित पेंशन फंड की मजबूती के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति की चौथी बैठक सीआईएल मुख्यालय में आयोजित हुई। बैठक में अंशदान बढ़ाने पर चर्चा की गई। पेंशन फंड की मजबूती के लिए उच्च स्तरीय समिति का गठन जून 2024 में किया गया था।

समिति के पहली बैठक एक जुलाई, 2024 को हुई थी। इसके बाद 30 सितंबर, 2024 को नई दिल्ली में इसकी बैठक हुई। तीसरी बैठक 26 दिसंबर को आयोजित की गई थी। इसी कड़ी में अब चौथी बैठक हुई है। जानकारी के अनुसार बैठक में वालेंटियरी कंट्रीब्यूशन में बढ़ोतरी को लेकर चर्चा की गई। कोल इंडिया प्रबंधन द्वारा वर्तमान में प्रति टन कोयले पर 10 रुपए का अंशदान कोयला खान भविष्य निधि संस्थान को दिया जा रहा है। पेंशन फंड की मजबूती के लिए सीआईएल का वालेंटियरी कंट्रीब्यूशन यदि 25 रुपए प्रति टन की वृद्धि की जाती है तो वर्ष 2036-38 तक पेंशन फंड मजबूत रहेगा। सीआईएल के अंशदान को 35 से 40 रुपए प्रति टन करने को लेकर भी चर्चा की गई। यूनियन प्रतिनिधियों ने कहा कि वालेंटियरी कंट्रीब्यूशन में बढ़ोतरी का निर्णय एक बार ले लिया जाए। सीएमपीएफओ के बोर्ड ऑफ ट्रस्टी में इस पर अंतिम निर्णय होगा। बैठक में सीआईएल के निदेशक (कार्मिक एवं औद्योगिक संबंध) विनय रंजन उपस्थित नहीं हुए। इस बैठक में भी समिति एवं ट्रस्टी बोर्ड सदस्य बीएमएस नेता के. लक्ष्मा रेड्डी सम्मिलित नहीं हुए। अन्य यूनियन के प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। यहां बताना होगा कि 26 दिसंबर, 2024 को हुई बैठक में कहा गया था कि पेंशन के भुगतान की जिम्मेदारी नियोक्ता की है।

ठंड से बचने पुलिस मित्रों को दिया गया जैकेट

कोरबा। ठंड के मौसम को ध्यान में रखते हुए हर तरफ सामाजिक कार्यकर्ता दूसरों के प्रति समवेदनशीलता दिखा रहे हैं। इसके अंतर्गत कई प्रकार के कार्य किए जा रहे हैं । कोरबा जिला के कोयलांचल दीपिका में पुलिस मित्रों को गर्म वस्त्रों की उपलब्धता कराई गई।

सामाजिक कार्यकर्ता अभिषेक सिंह ने इस कार्य मे अपनी भागीदारी दर्ज कराई। इस कड़ी में 14 पुलिस मित्रों को जैकेट दिए गए। पुलिस मित्रों को कुछ हद तक राहत मिलेगी जो विभिन्न क्षेत्रों में जाम लगने और दूसरी स्थिति में सहायता करते हैं। महसूस किया गया कि कुछ दिनों से क्षेत्र में मौसम कितने वर्ष काफी नरम हो गए हैं और इससे समस्याएं निर्मित हुई है । इस स्थिति में पुलिस मित्रों की सहायता करने का विचार मन में आया और इसके अंतर्गत काम किया गया। गर्म वस्त्र प्रदान किए जाने के अवसर पर थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू , सहायक उप निरीक्षक जितेश सिंह और सहायक उप निरीक्षक खगेश राठौर, हेड कांस्टेबल राभबाबू एवं स्टाफ की उपस्थिति रही। थाना प्रभारी ने इस अच्छे सेवा कार्य के लिए अभिषेक सिंह के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहां की ऐसे कार्यों से और भी लोग प्रेरणा प्राप्त करते हैं और वे अंत्योदय वर्ग के प्रति बहुत कुछ अच्छा करने के लिए सकारात्मक रूप से सामने आते हैं।

रामतला की प्राण-प्रतिष्ठा का प्रथम वार्षिकोत्सव आयोजित

कोरबा। अयोध्या में भगवान श्री राम के प्राण-प्रतिष्ठा को हिन्दू तिथि के अनुसार एक वर्ष पूर्ण हो रहे है। अतः इस अवसर पर कोरबा अंचल श्री सप्तदेव मंदिर में भी प्रातः 11.00 बजे से सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया है,

ग्रीष्मकालीन फसल लगाने किसान चिंतित, नहीं पहुंची नहर की धार

जांजगीर-चांपा। जिला जिल उपयोगिता समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार हसदेव बांगो नहर की धार 1 जनवरी से छोड़ी गई है, लेकिन पानी का बहाव कम होने के कारण खेतों तक पानी नहीं पहुंच रहा है। ऐसे में रबी फसल लगाने वाले किसान बोनी को लेकर चिंतित है। किसानों द्वारा नहर में पानी बढ़ाए जाने की मांग की जा रही है।

गौरतलब है कि हसदेव बांगो बांध से अविभाजित जांजगीर- ऱ्यांपा जिले के 90 फीसदी एरिया सिंचित माना जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए यहां पिछले कई सालों से हरसाल ग्रीष्मकालीन फसल लगाई जाती है। इस बार भी जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक में ग्रीष्मकालीन फसल लगाने 1 जनवरी से 30 अप्रैल तक नहर में पानी दिए जाने का निर्णय हुआ था। इसके बाद बम्हनीडीह, बिरों क्षेत्र के किसानों की मांग पर बांयी तट शाखा नहर में भी 5 जनवरी से पानी छोड़ा गया है, लेकिन समस्या यह है कि 1 जनवरी से पानी छोड़े जाने के बावजूद 10 जनवरी तक किसानों के खेतों तक नहर की धार नहीं पहुंची है। जिले के जांजगीर के

आगे नहर की धार इतनी पतली है कि पानी अभी से खेतों तक नहीं पहुंच रहा। रहा है, जबकि जल उपयोगिता समिति: की बैठक में

लिए गए निर्णय के अनुसार जांजगीर शाखा में नवागढ़ के आगे गंगाजल, मिसदा और बर्रा माइनर तक पानी देना है, जहां पिछले साल ग्रीष्मकालीन फसल लगाई गई थी। किसानों का कहना है कि शुरुआत के दो दिनों में नहर की धार अच्छी रही, जिससे पानी का बहाव खेतों तक पहुंचा, लेकिन इसके बाद नहर की धार मुख्य शाखा में कम हो गई, जिसके कारण खेतों की जुताई और बोआई का काम रुक गया है। किसानों का कहना है कि रबी फसल की बुआई लेई पद्धति से होती है और नहर में उसके हिसाब से अभी पानी नहीं आ रहा है। मुख्य शाखा में ही नहर की धार इतनी पतली है कि आसपास के खेतों में पानी नहीं चढ़ रहा है। उनका कहना है कि शुरुआती दिनों में जिस तरह से नहर की धार छोड़ गई थी उसी तरह पानी छोड़े जाने पर ग्रीष्मकालीन फसल की बुआई हो पाएगी। इधर नहर में पानी छूटने के बाद किसानों ने खाद-बीज की तैयारी भी कर ली है। खेतों में खरपतवारों को नष्ट करने के साथ बोआई की तैयारी भी पूरी हो गई है। इंतजार है तो बस नहर की धार बढ़ने का।

नहीं करना पड़ता पलायन

जांजगीर-चांपा जिले में तमाम कोशिशों के बावजूद कमाने खाने के लिए पलायन करने की शिकायतें अक्सर सुनने को मिलती है. लेकिन जिन विकासखंड में ग्रीष्मकालीन फसल लगाई जाती है वहां से मजदूरों का पलायन 10 फीसदी भी नहीं होता। कुछेक खानाबदोशी परिवारों को छोड़ दिया जाए तो बाकी के सभी किसान मजदूर परिवार ग्रीष्मकालीन फसल लगाकर अपना जीविकोपार्जन कर लेते है।यही वजह है कि हसदेव बांगों बांध में 70 फीसदी से अधिक जल भराव होने पर किसान ग्रीष्मकालीन फसल लगाने के लिए पानी की मांग करते है और पानी मिलते ही सिंचित एरिया के लगभग सभी गांवों में रबी की खेती होती है।

चुनाव के लिए मास्टर ट्रेनर्स को दिया गया प्रशिक्षण

जांजगीर-चांपा। नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए मास्टर ट्रेनर्स को मतदान के शुरू से मतगणना तक सभी कार्य के लिए प्रशिक्षण दिया गया। नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन चुनाव को लेकर जिला प्रशासन की तैयारी शुरू हो गई है। कलेक्टर आकाश छिकारा की उपस्थिति में जिला पंचायत के सभाकक्ष में नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन चुनाव के तहत मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कलेक्टर ने कहा कि मतदान के शुरू से मतगणना तक सभी कार्य को निर्वाचन नियमावली के अनुसार सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्वाचन की पूरी प्रक्रिया, दिशा-निर्देशों आदि की विस्तार से जानकारी देते हुए ट्रेनर्स को अवगत कराया। कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचन की प्रक्रिया बेहद ही जिम्मेदारी की होती है। इसलिए सभी मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण की सभी प्रक्रियाओं का अध्ययन गंभीरता के साथ करें और सभी दिशा-निर्देशों की जानकारी से अद्यतन रहें। उन्होंने मास्टर ट्रेनर्स को मतदान प्रक्रिया के तहत पीठासीन अधिकारी एवं मतदान दल कर्मियों के कार्य एवं दायित्व तथा सामग्री प्राप्ति, मतदान दिवस को किये जाने वाले उनके कर्तव्यों एवं दायित्वों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर दुर्गा प्रसाद अधिकारी, अपर कलेक्टर ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर, अपर कलेक्टर श्रीमती आराध्या राहुल कुमार, मास्टर ट्रेनर्स सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

शिविर में रक्तदाता और मेधावी छात्र छात्राओं का किया गया सम्मान

जांजगीर । भक्ति माता राजिम जयंती अवसर पर मंगलवार को ग्राम धरदेई में रकदान शिविर का आयोजन किया गया। संत माता कर्मा भवन में आयोजित शिविर में ब्लड डोनेट करने वाले हेलमेट एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। संकट मोचन ब्लड सेंटर शिवरीनारायण के द्वारा शिविर में योगदान दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि वक्त का हर क्षण और रक्त का हर कण अमूल्य है। सभी को रकदान करना चाहिए। जिससे आम जरूरतमंद लोगों को इसका लाभ मिल सके। रक्त अमूल्य है हमें सदैव रकदान करने के लिए स्वप्रेरित होना चाहिए। शिविर के साथ ही ग्राम के साहू समाज के दसवीं एवं बारहवीं के 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का भी सम्मान किया गया। सम्मानित प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को शील्ड एवं प्रमाण पत्र देकर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। नागरिक जितेंद्र साहू के द्वारा दसवीं एवं बारहवीं के टॉपर विद्यार्थियों को पुरस्कार स्वरूप 1000-1000 रुपए प्रदान किया गया। शिविर को सफल बनाने में पवन साहू, मोहन साहू, विनय साहू, सनत साहू, मुरली साहू, गया साहू, मोहित साहू, मनी साहू, जितेंद्र साहू, राम साहू, रामसाय साहू, बसु साहू, सेवक साहू, मनमोहन साहू समेत ग्रामीणों का योगदान रहा।

चांपा में श्री शिव पंचायत मंदिर का निर्माण करने का कार्य जोरों पर

चांपा। नगर के ह्रदय स्थल रामबांधा तालाब के पास श्री शिव पंचायत मंदिर निर्माण रेणुका देवांगन एवं हलधर देवांगन के प्रयास एवं जन सहयोग से निर्माण किया जा रहा है। लगभग 1 वर्ष से निर्माण कार्य जारी है। मंदिर में मूर्ति का निर्माण उज्जैन एवं बिलासपुर के कारीगरों के द्वारा किया जा रहा है। जिसमें भगवान शिव के जलहरी में पीतल में महीन कार्य किया जा रहा है जिसका वजन लगभग 31 किलो एवं नंदी भी पीतल का होगा जिसका वजन लगभग 51 किलो और ऊंचाई करीब फीट होगी। पंडित सुनील पाठक ने बताया कि मंदिर में गणेश, भगवान सूर्य, भगवान मां दुर्गा, विष्णु भगवान एवं शिव भगवान की मूर्ति स्थापित होगी। ऐसी मान्यता है कि श्री शिव पंचायत मंदिर में विराजित देवताओ के पूजा करने से कभी भी मुकदमे, झगड़े या किसी प्रकार का कलेश घर में नहीं होता है। पांच देवों का आशीर्वाद भी बना रहता है।

मरम्मत करने रेलवे अंडरब्रिज को बंद कराया तो राहगीरों को होगी परेशानी

देवरी-चांपा। देवरी स्थित रेलवे अंडरब्रिज से रोजाना दो दर्जन गांवों के ग्रामीण आवागमन करते हैं। इसे रेलवे ने मरम्मत कराने बंद कर दिया है। इससे चौथी रेल लाइन विस्तार परियोजना अंतर्गत नए पुल के निर्माण कार्य के कारण बंद कराया गया है।

अंडरब्रिज को अचानक बंद कराए जाने से क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक गांवों के लोगों को रोजमर्रा के आवागमन में भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। अंडाब्रिज का उपयोग करके छोटे-छोटे बच्चे देवरी के स्कूल पढ़ने आते थे। साथ ही क्षेत्र के ग्रामीण तहसील मुख्यालय सारागांव और ब्लॉक मुख्यालय बम्हनीडीह जाने के लिए इस मुख्य मार्ग का इस्तेमाल करते थे। प्रभावित गांवों में अमरूवा, बघौदा, कुम्हारीकला, कुम्हारीखुर्द, कड़ारी, लच्छनपुर, हनुमंता, दारंग, पोड़ीकला, पेटफोरवा, झरना, दर्रीबंजर, कचन्दा, खमहिया और मौहाडीह जैसे गांव शामिल हैं। अंडरब्रिज बंद होने से ग्रामीणों को मजबूरन 4 किलोमीटर का लंबा रास्ता तय कर सोनन्दी रेलवे पुल के नीचे से होकर आना-जाना पड़ रहा है। इस मार्ग की स्थिति भी अत्यंत खराब है, क्योंकि यह मिट्टी, कच्चा और उबड़-खाबड़ है, जिससे यात्रा और भी कठिन हो जाती है।

समस्याओं को लेकर कांग्रेस का विशाल धरना

विकास कार्यों को लेकर गरजे कांग्रेसी

जांजगीर-चांपा। जांजगीर-चांपा विधानसभा की जन सरोकार से जुड़ी समस्याओं के प्रति प्रदेश भाजपा सरकार के उपेक्षा पूर्ण रवैये के विरोध में 17 सूत्रीय मांगों को लेकर कांग्रेस द्वारा धरना प्रदर्शन का ज्ञापन सौंपा गया।

धरना प्रदर्शन को संबोधित करते जांजगीर-चांपा विधायक ब्यास कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में विष्णुदेव साय नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार का यह एक वर्ष छत्तीसगढ़ वासियों के लिए काफी दुख:द व चिंताजनक स्थिति भरा रहा है। प्रदेश में बलौदाबाजार में सतनामियों के गुरू के अपमान करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही न कर निर्दोष लोगों के जेल की सलाखों में डाला गया। नश क व्यापार में लगातार बढ़ोत्तरी, किसानों से की गयी 31 सौ रू देने के वादे से मुकर जाना सरकार की नाकामी को दर्शाता है। श्री कश्यप ने कहा कि बजट सत्र में चांपा गेमन पूल नवीनीकरण कार्य, टी. सी. एल. अग्रणी महाविद्यालय के। लिए नवीन भवन निर्माण, लछनपुर के घुंडी नाला में पूल निर्माण, नवागढ़ में

नवान विश्राम गृह निमाण का स्वीकृति बजट सत्र में होने के बावजूद उक्त कार्य अब तक प्रारंभ नहीं कराए

गए हैं। सभा को दिनेश शर्मा, राजेश अग्रवाल, जिला कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष रमेश पैगवार, देवेश सिंह, प्रदेश कांग्रेस सचिव प्रवीण पाण्डेय, महामंत्री शिशिर द्विवेदी, सुनील साधवानी, उपकार, प्रिंस शर्मा,आकाश तिवारी,सिंह ढिल्ली, दुर्गेश्वरी चंद्रा, जय थवाईत, भगवान दास गढ़ेवाल, प्रिंस शर्मा, मनोरमा पाटेकर, आकाश तिवारी, देव कुमार पाण्डेय, लोकेश राठौर, मनोरमा पाटेकर, गोविंद कश्यप सहित अन्य लोगों ने संबोधित कर जन समस्याओं के निराकरण जल्द से जल्द करने की मांग की। कार्यक्रम का संचालन उपाध्यक्ष रफीक सिद्दिकी ने व आभार प्रदर्शन विवेक सिसोदिया ने किया। सभा उपरांत उपस्थित कांग्रेस बैरिस्टर भवन से प्रदेश सरकार के विरोध में नारेबाजी करते हुए संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर प्रतिमा स्थल पहुंचे।

इस दौरान प्रमुख रूप से डॉ. परस शर्मा, ज्योति किशन कश्यप, नागेन्द्र गुप्ता, रामविलास राठौर, गोविंद कश्यप, चिंताराम कश्यप, मुन्ना सिंह, रफीक खान, अनिल मोदी,हरीश पांडे,अजीत सिंह राणा, अंकित सिंह सिसोदिया, सीमा राजू शर्मा, भुनेश्वर केशरवानी, मुस्कान परबीन, शर्मिष्ठा कंसारी, अंजली देवांगन, अनीता प्रकाश, संजय केदार अग्रवाल, गोपाल गुलशन सोनी, वर्षा सिंह राजपूत, प्रिया ठाकुर, सत्यभामा टंडन, रजनी सूर्यवंशी, धनबाई धीवर, अरमान खान, कविता देवांगन, रामकुमार यादव, संतोष गढ़वाल, गौरव सिंह, पंकज शुक्ला, बहादुर यादव, अभिषेक सिंह, आकाश सिंह, दीपक राज आसना, शेषनाथ टंडन, रामकुमार यादव, संतोष अनंत, दिलदार खान, राजा सिद्दिकी, हीरा उपाध्याय, अमन अग्रवाल, रवि शर्मा, दिनेश महंत आदि ने 17 सूत्रीय मांगों को लेकर राज्यपाल के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

ठंड में एक्टिव हुए चोर, जिले की पुलिस हुई सुस्त,लाखों का माल पार

जांजगीर चांपा। जिला मुख्यालय में ठंड सीजन में फिर से चोर एक्टिव हो गए हैं। चोरों ने फिर सूने मकान को निशाना बनाया है। सूने मकान से जेवरात व नकदी सहित 5 लाख रुपए का माल पर कर दिया। हालांकि पुलिस डॉग स्क्वायड, एफएसएल की मदद से जांच करने में जुटी हुई है। लेकिन पुलिस को अब तक कोई सफलता हाथ नहीं लगी है।

पुलिस के अनुसार जिला मुख्यालय के वार्ड 18 रमन नगर में चोरों ने फिर धावा बोला। वार्ड 18 निवासी शिक्षक नंद कुमार कश्यप गुरुवार की सुबह 10 बजे घर को सूना छोड़कर परिवार सहित ससुराल गया था। शुक्रवार की सुबह परिवार सहित घर लौटा तो सामने की स्थिति देखकर सन्न रह गया। मेन गेट के सामने का कुंडी टूटा हुआ था। मकान अंदर घुसे तो सामान इधर-उधर बिखरा

पड़ा हुआ था। साथ ही बेडरूम का आलमारी का लॉकर टूटा हुआ था। इसके अलावा आलमारी का पूरा सामान बेड पर बिखरा पड़ा हुआ था। वह तत्काल लॉकर चेक किया तो उसमें से जेवर सहित नगदी गायब थे। नंद कुमार ने बताया कि आलमारी में सोने का हार 2.50 तोला, दुल्हरी आधा तोला, सोने का लॉकेट, 3 से 4 पायल, झुमका, 10 जोड़ी बिछिया चांदी, 12 अंगूठी चांदी, नथ सोना, एक बड़ी अंगूठी चांदी, कमरबंद, बाजूबंद, मांगमोती सोना व 12 हजार नगदी सहित 5 लाख से अधिक का सामान चोरों ने पार कर दिया है। नंदन कुमार ने इसकी जानकारी तत्काल पुलिस को दी। सूचना पर कोतवाली थाना प्रभारी प्रवीण द्विवेदी सदलबल मौके पर पहुंचे। पुलिस द्वारा घर के आसपास सीसी टीवी व मकान के आगे-पीछे जांच की जा रही है। नंद कुमार के घर में भी सीसी टीवी लगा हुआ है, लेकिन बंद कर चले गए थे। फिलहाल कही कोई सुराग हाथ नहीं लगा है। इसके अलावा चोर पूरी रात भर आराम से हर कमरे में जाकर आलमारी सहित अन्य चीज को ढूंढकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में जुटी हुई है।

रात्रि गश्त पर लगा ग्रहण

जिला मुख्यालय में जेवरात व नगदी सहित 5 लाख रुपए की चोरी कर चोरों ने पुलिस को चुनौती दी है। शहर में रात्रि गश्त पर ग्रहण लग चुका है। इसलिए चोर रात में घुम रहे है। हालांकि लंबे समय के बाद चोरी की घटना शहर में हुई है। ठंड सीजन के बाद भी रात्रि में गश्त नहीं हो रही है। जिला मुख्यालय में ही चंदनिया पारा, नहरिया बाबा रोड, भाटापारा, बीडीएम मोहल्ला में आपको देर रात असामाजिक तत्व घूमते आसानी से मिल जाएंगे। पुलिस का खौफ खत्म हो गया है, इसी का असर है कि शहर में चोरी की घटनाएं हो रही है।

38 समूहों को कराया बैंक लिंकेज

सक्ती। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सौरभ तिवारी ने बताया कि पं दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत सक्ती जिला में गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए स्व सहायता समूहों का गठन किया गया है जिनमें से 78 स्व सहायता समूहों को सरकार की योजनाओं से आवर्ती निधि प्रदान किया गया है एवं 38 स्व सहायता समूहों को बैंक लिंकेज कराया गया है जिसका मुख्य उद्देश्य आपसी लेनदेन करना एवं आर्थिक स्तर को उपर उठाना है। इसी प्रकार 18 स्व सहायता समूहों को समूह ऋण उपलब्ध कराया गया है, जिससे महिलाएं ऋण प्राप्त कर विभिन्न प्रकार के व्यवसायिक गतिविधि जैसे दोना पत्तल, फिनाईल, सर्फ, मिठाई डब्बा आदि व्यवसाय कर सशक्त हो रही है।

दुकान संचालक के साथ की मारपीट

जांजगीर। कार एसेसरीज की दुकान में तीन युवक दो अज्ञात लोगों के संबंध में पूछताछ करने पहुंचे, मगर दुकान संचालक ने अज्ञात व्यक्तियों के संबंध में कोई जानकारी नहीं होने की बात कही। नाराज तीनों युवकों ने दुकान संचालक के मारपीट की। मामला जांजगीर थाना क्षेत्र का है। पुलिस के अनुसार धारशिव निवासी सुनील राठौर जांजगीर का कलेक्ट्रेट चौक के पास कार एसेसरीज की दुकान के संचालक हैं। वह गुरुवार की शाम लगभग 7 बजे दुकान पर बैठे थे। इसी बीच एक व्यक्ति को ढूंढते जावेद खान, आदिल खान और रिहान दुकान में पहुंचे और अज्ञात के संबंध में पूछताछ करने लगे।

नाम परिवर्तन सूचना

मैं अज्ञातकुमार यादव उम्र लगभग 35 वर्ष पिता श्री दीनदयाल यादव जाति यादव निवासी प्रेमनगर रजगामार कोरबा तह. व जिला कोरबा छ.ग.आम जनता को शपथपूर्वक सूचित करता हूं कि मैं उपरोक्त पते का निवासी हूं व मेरा आधार क्रमांक 6567 6184 8687 है। मेरा पुत्र भावेश यादव का नाम उसके जन्म प्रमाण पत्र क्र. B-2033 22-90100-000348 में सही है। मेरे पुत्र का आधार कार्ड में नाम भावेश यादव अंकित है जो कि सही है। मैं अपने पुत्र भावेश यादव का नाम उसके आधार कार्ड एवं जन्म प्रमाण पत्र में परिवर्तन कर अथर्व यादव (ATHARV YADAV) अंकित कराना चाहता हूं। यह शपथपत्र उक्तशाय के संबंध में निष्पादित किया गया है जिसे संबंधित कार्यालय/विभाग में प्रस्तुत करना है।

शपथकर्ता

अज्ञातकुमार यादव
रजगामार, कोरबा

हैमलता को आया निमंत्रण, खेतों में ड्रोन से करती हैं दवा छिड़काव

जांजगीर-चांपा। छत्तीसगढ़ के जांजगीर चांपा जिले की एक महिला किसान को उनके अनूठे कार्य के लिए राष्ट्रपति भवन से सम्मान का निमंत्रण मिला है। जनपद पंचायत नवागढ़ के ग्राम पोड़ी की रहने वाली हेमलता मनहर को 26 जनवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों सम्मानित किया जाएगा। हेमलता को यह आमंत्रण पत्र उप संभाग पोस्ट ऑफिस जांजगीर के निरीक्षक रवि साहू ने सौंपा है।

दरअसल, बीए ग्रेजुएट हेमलता पहले अपने गांव की सरपंच रह चुकी हैं। उन्होंने बिहान समूह से जुड़कर HDFC बैंक परिवर्तन स्त्री प्रोजेक्ट के तहत ग्वालियर में 15 दिनों का ड्रोन प्रशिक्षण लिया।

जिपं की आरक्षण प्रक्रिया में शामिल 150 लोगों में सिर्फ तीन ही महिलाएं

ये कैसा सशक्तिकरण . ऐसी स्थिति तब जब दोनों जलों की 50 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए

जांजगीर। सशक्त बनाने के उद्देश्य से जिला व जनपद पंचायत में 50 से अधिक सीटों पर महिलाओं को चुनाव लड़ने का मौका दिया जा रहा है। इसके बावजूद उन्हें राजनीति रास नहीं आ रही है। यही कारण है कि गुरुवार को जांजगीर के जिला पंचायत और सकी कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष सकी में हुए जिला व जनपद पंचायत की आरक्षण प्रक्रिया की गवाह बनने वालों में महिलाओं की उपस्थिति एक फीसदी से भी कम रही।

गुरुवार को आरक्षण की प्रक्रिया कराकर जिला और जनपद पंचायत क्षेत्रों में आरक्षण की घोषणा की गई। इसके अनुसार सकी जिला पंचायत की 14 की कम से कम 8 सीटों में केवल महिलाएं चुनाव लड़ सकेंगी। इसके अलावा जांजगीर-चांपा जिपं की 17 सीटों में कम से कम 9 सीटों पर महिलाएं चुनाव जीतकर अपने क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेंगी, पर गुरुवार को जो नजारा जांजगीर और सकी की जिला पंचायत में नजर आया, उससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस चुनाव में महिलाओं की अपेक्षा उनके पतियों की रुचि ज्यादा है। जांजगीरों जपं व जनपदों की आरक्षण प्रक्रिया में हिस्सा लेने सभाकक्ष में लगभग 140 लोग पहुंचे पर उनमें महिलाएं तीन ही नजर आईं। वहीं सकी में स्थिति और खराब नजर आई। यहां एक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में लगभग 70 लोगों की उपस्थिति

में आरक्षण प्रक्रिया संपन्न कराई गई। उनमें मात्र एक महिला ही नजर आई।

5 में से 4 जनपद पंचायतों में महिलाओं का अध्यक्ष बनना तय, बलौदा अनारक्षित जिले में अकलतरा, पामगढ़, बलौदा, बम्हनीडीह, नवागढ़ जनपद अध्यक्ष की सीट के लिए आरक्षण प्रक्रिया पूरी हो गई है। इसमें बलौदा केवल जनपद पंचायत अध्यक्ष पद की सीट अनारक्षित हुई है। बाकी चार को महिलाओं के लिए रिजर्व कर दिया गया है। इसमें जनपद पंचायत पामगढ़ अध्यक्ष पद अनारक्षित महिला, जनपद पंचायत अकलतरा अध्यक्ष पद अनारक्षित महिला, जनपद पंचायत नवागढ़ अध्यक्ष पद ओबीसी महिला, जनपद पंचायत अध्यक्ष बम्हनीडीह पद एससी महिला चुनाव लड़ेगी।

सरकार चाहती है कि महिलाओं को नेतृत्व मिले और वे आगे बढ़ सकें। इसलिए आज 70 फीसदी सीटों में म?हिलाओं को आरक्षण दिया जा रहा है। ऐसे प्रयासों से महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। समय लगेगा पर बदलाव आएगा। अभिमन्यु साहू, एडिशनल सीईओ, जिला पंचायत

अतिरिक्त कक्ष, नाली व पाइपलाईन विस्तार कार्य के लिए भूमिपूजन हुआ

जांजगीर। छग विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने 23 लाख रुपए से जांजगीर-नैला नगर के वार्ड नं. 14 के सामुदायिक भवन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण, नाली निर्माण और पाइप लाइन विस्तार का विधिवत रूप से भूमिपूजन किया। इस मौके पर वार्ड के करीब 107 महिला व पुरुष का साल व श्रीफल से सम्मान किया गया, जिसमें होरीलाल सारथी, जीवन , राजू सारथी, मनहरण , अमरनाथ , अमृत साहू, मोहित लाल लाठिया, शाहिल सूर्यवंशी, भागवत , त्रियुगी नारायण सूर्यवंशी, बाबा , अजय , कुंभकरण , राजा , निक्की, चंदराम, बुलेट, बुधवारा , प्रेमबाई, संतरा , अमरीका , तीजन , राखी सारथी, राधिका सारथी, भूरीबाई सारथी, प्रेमबाई चौहान, ज्योति सारथी, आकाश सारथी, कालिंदी यादव, बिंदू सहित करीब 107 वरिष्ठ नागरिकों का साल व श्रीफल से सम्मान किया गया।

भगवान भोलेनाथ की बारात में सम्मिलित हुए ग्रामीण

पंतोरा। गुरुवार की रात को भगवान भोलेनाथ जी की बारात धूमधाम से निकली गई। इसमें सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण सम्मिलित हुए और नाच गाने के साथ झूम उठे। सर्वप्रथम मूर्तिकार बसंत कुंभकार के यहां भगवान गौरा गौरी शेषनाग की मूर्तियों की सुबह 11 बजे के लगभग ढोल बाजे के साथ ग्रामीण लेने गए जैसे ही शाम हुई लोगो ने भगवान गौरा गौरी बारात में जाने तैयार होने लगे और धूमधाम से ढोल बाजे के साथ बारात निकाली गई और रात भर पंतोरा के पिपरपारा चौक पर भगवान की पूजा में ढोल बाजे बजाए गए और शुक्रवार को भगवान गौरा गौरी का विसर्जन किए विसर्जन के दौरान भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी।

निधन

श्रीमती सीता देवी जालान

चांपा। स्थानीय सदर बाजार की प्रतिष्ठित कपड़ा व्यवसायी फर्म जोखीराम बिरदीचंद के स्व.

श्यामसुंदर जालान की धर्मपत्नी श्रीमती सीता देवी जालान का शुक्रवार 10 जनवरी को सुबह निवास पर निधन हो गया। वे 80 वर्ष की थी। स्व. श्रीमती जालान अपने पीछे दो पुत्रों एवं तीन पुत्रियों समेत भरा-पूरा परिवार छोड़ गयी है। वे नगर के आयकर अधिवक्ता अनिल अग्रवाल तथा ट्रांसपोर्ट व्यवसायी कमल अग्रवाल की माता थी। उनका अंतिम संस्कार अपरान्ह 4 बजे हसदेव नदी के पश्चिमी तट पर ग्राम लछनपुर स्थित मारवाड़ी मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि ज्येष्ठ पुत्र कमल अग्रवाल ने दी। इस मौके परपरिजन, सजातीय बंधुओं सहित गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

श्रीमती रंजना शुक्ला

जांजगीर-चांपा। ग्राम बसहा के प्रतिष्ठित नागरिक समीर शुक्ला की माता श्रीमती रंजना शुक्ला का शुक्रवार 10 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शनिवार 11 जनवरी को सुबह 9.30 बजे गृह ग्राम बसहा में किया जाएगा। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गई है।

अनमोल वचन.....

जहाँ बुद्धि प्रयोग करने की आवश्यकता है, वहाँ बल प्रयोग करने से कोई लाभ नहीं होता।

लोगों को प्यासा रखना नैतिक अपराध

बढ़े उपभोग खर्च में महंगाई की भी एक भूमिका है। सरकार की ओर से मासिक उपभोग खर्च के बारे में जारी आंकड़ों से आंकना कठिन है कि कितना उपभोग बढ़ा और कितनी वृद्धि उपभोग की चीजों की महंगाई के कारण हुई। मासिक प्रति व्यक्ति उपभोग सर्वेक्षण (एमपीसीई) रिपोर्ट तो कुछ पहले आई थी, लेकिन अब केंद्र ने इसकी एक तथ्य तालिका जारी की है।इसमें भी वही दिखाने की कोशिश है कि अगस्त 2023 से सितंबर 2024 की अवधि में उसके पहले वाले वर्ष की तुलना में लोगों का प्रति महीने उपभोग खर्च बढ़ा। स्पष्टतः सरकार इसे शहर से गांवों तक में आय और खुशहाली बढऩे के प्रमाण के रूप में पेश किया है। मगर जो सवाल सर्वे रिपोर्ट जारी होने के समय उठे, उनका कोई जवाब नहीं दिया गया है। विशेषज्ञों ने ध्यान दिलाया है कि सबसे ज्यादा खर्च खाद्य पदार्थों पर बढ़ा। जिस अवधि में यह सर्वे हुआ, उसमें खाद्य मुद्रास्फीति की दर ऊंची रही। फिर पुराने सर्वेक्षणों की तुलना में सर्वे विधि में जो परिवर्तन किए गए, उन्हें ध्यान में रखते हुए यह आंकना और मुश्किल हो गया है कि लोगों के उपभोग पैटर्न में सचमुच कितना बदलाव आया। खुद ताजा रिपोर्ट से ही जाहिर हुआ कि टॉप 10 प्रतिशत आबादी के उपभोग में पर्याप्त वृद्धि हुई, जबकि सबसे निचली पांच फीसदी आबादी के वास्तविक खर्च में बढ़ोतरी मद्धम रही।

निचली आर्थिक श्रेणी की आबादी में जो वृद्धि दिखती है, उसमें बड़ा योगदान सरकार की तरफ से दिए जा रहे पांच किलो अनाज और प्रत्यक्ष नकदी हस्तांतरण योजनाओं का है।जाहिर है, इसे कमाई से होने वाली आमदनी की स्थिति में सुधार नहीं कहा जा सकता। एक अन्य तथ्य यह सामने आया है कि ग्रामीण इलाकों में जो उपभोग खर्च बढ़ा, खाद्य के अलावा उसका सबसे बड़ा हिस्सा इलाज, परिवहन, वस्त्र और जूते-चप्पल के हिस्से में गया।इन चीजों की लागत में भी महंगाई की एक भूमिका है। इसलिए आंकना कठिन है कि कितना उपभोग बढ़ा और कितनी वृद्धि पहले जितनी चीजों की महंगाई के कारण हुई। ये सारे उल्लेख सरकार की नकारात्मक छवि बनाने के लिए नहीं किए जा रहे हैं। मगर अपने आंकड़ों को लेकर विश्वास का संकट खुद सरकार ने खड़ा किया है। वह सभी दायरों के विशेषज्ञों को लेकर संवाद और विश्लेषण के लिए तैयार हो, तो अविश्वास का हल निकल सकता है। क्या सरकार ऐसा करेगी।

राशिफल

मेष राशि : आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज आप किसी काम के बारे में ना-नुकुर किये से सोच सकते हैं। मार्केट में किसी तरह का निवेश करने जा रहे हैं तो पूरी तरह से रिसर्च के बाद ही निवेश करें। इससे आपको फायदा मिलेगा। स्वास्थ्य के लिहाज से आज का दिन अच्छा रहने वाला है। लंबे समय के बाद खुद को तरोताजा महसूस करेंगे।

वृष राशि : आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहेगा। किसी जरूरी काम या मीटिंग की वजह से आपको ओवर ऑफ स्टेशन या फिर विदेश यात्रा पर भी जाना पड़ सकता है। ऑफिस में आपको पहले की अपेक्षा ज्यादा काम मिल सकता है, लेकिन आप समय रहते सब खुद आराम से निपटा लेंगे। इस राशि के जो लोग स्टेशनरी का बिजनेस करते हैं, उनके लिए दिन आपका लाभप्रदायी रहेगा। आपको काम में ज्यादा तरक्की मिलेगी।

मिथुन राशि : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। जो लोग लंबे समय से नौकरी की तलाश में हैं, उनकी तलाश आज पूरी हो सकती है। जो छात्र कॉम्पटीशन की तैयारी कर रहे हैं, उनको आज अच्छी खबर मिल सकती है। आज आप जो भी काम शुरु करेंगे, उसे समय रहते पूरा कर लें। ऑफिस में आपको किसी बड़े अधिकारी का सहयोग मिल सकता है।

कर्क राशि : आज आपका दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। शुरुआत में आपको लगेगा कि आपके काम पूरे हो रहे हैं, लेकिन शाम होते-होते खुद काम पूरे होने से रह सकते हैं। इसलिए आज जरूरी काम करने से पहले घर के बड़ों या किसी अनुभवी व्यक्ति से राय जरूर ले लें। आपके दिमाग में खुद-ब-खुद नए-नए आइडिया आते रहेंगे। जो लोग सरकारी नौकरी में हैं, उनके लिए दिन ठीक रहने वाला है।

सिंह राशि : आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। इस राशि के जो छात्र विदेश में टॉकर एजुकेशन के लिए जाना चाहते हैं, वे किसी से इस बारे में राय ले सकते हैं। आज रुपये पैसों की तंग देने में आपको थोड़ी सावधानी रखने की जरूरत है। किसी को पैसे उधार देने से पहले अच्छे से जांच-पड़ताल कर लें। बदलते मौसम में अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने की जरूरत है। व्यापार में आज अचानक आय के नए स्रोत मिलेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति काफी अच्छी रहेगी।

कन्या राशि : आज आपका दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। आज अपने काम जरूर सफल होंगे। जो लोग लंबे समय से अपनी कुंडली के लिए घर की तलाश कर रहे हैं, उनकी तलाश आज पूरी हो सकती है। कोर्ट-कचहरी के मामलों में भी आपको अच्छी खबर मिल सकती है। आज आपको जीवनसाथी का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। दांपत्य रिश्ते में मधुरता आयेगी। आप उनके साथ किसी ट्रिप पर जाने की प्लानिंग भी बना सकते हैं।

तुला राशि : आज आपका दिन ठीक रहेगा। आज किसी प्रभावशाली व्यक्ति से आपकी मुलाकात हो सकती है। आने वाले समय में वह आपके लिए बहुत ही उपयोगी साबित होगा। जो लोग एट एंड देयरल के बिजनेस से जुड़े हैं, उनके लिए दिन अच्छा रहने वाला है। बिजनेस से जुड़े लोगों को कुछ बड़े प्रोजेक्ट मिल सकते हैं। आज अपनी वाणी पर संयम रखें। आपके मुंह से निकली हुयी एक गलत बात आपके रिश्तों को खराब कर सकती है।

वृश्चिक राशि : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको मन मुताबिक परिणाम मिलेंगे। अगर आप अपने बिजनेस को किसी दूसरी जगह पर शिफ्ट करना चाह रहे हैं, तो एक बार जगह जाकर से देख लें। किसी के साथ साझेदारी के लिए दिन अच्छा रहेगा। वाकया जीवन आज बेहतरीन रहने वाला है। बिजनेस में लेन-देन का ध्यान रखें, बड़ी डील करने से पहले सब खुद आगे से जांच परख कर लें।

धनु राशि : आज आपका दिन बहुत ही बढ़िया रहने वाला है। आज आपके मन में नए-नए विचार आयेंगे, जिन्हें आप अपनी दिनचर्या में उतारने में कामयाब रहेंगे। जो लोग राजनीति से जुड़े हैं, उनके लिए आज का दिन तरक्की दिलाने वाला रहेगा। आज आपकी पार्टी आपको बड़ा पद दे सकती है। जरूरत के बीच आपका मान सम्मान भी बढ़ेगा। जो लोग लोहे के व्यापार से जुड़े हैं, उनके व्यापार में वृद्धि होगी। पाइप्स इंडार के स्ट्रक्चर को काम मिल सकता है।

मकर राशि : आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। किसी सरकारी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों को पहले से ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। आज स्वास्थ्य पर ध्यान देने की जरूरत है। आज किसी भी तरह की लापरवाही करने से आपको बचना चाहिए। जो लोग फोक गिटार्स है, उनको आज विशेष लाभ होगा। संपत्ति से जुड़े मामलों में जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

कुंभ राशि : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज घर और बाहर हर जगह आपकी तारीफ होगी। लोग आपको आदर सम्मान करेंगे। आज समाज से जुड़े कार्यों को करने के लिए दिन उत्तम है। आप किसी एनजीओ की मुहताज या किसी सामाजिक संगठन से जुड़ सकते हैं। आज ऑफिस के काम करने में आपका मन लगेगा।

मीन राशि : आज आपका दिन अच्छा बितेगा। कला और साहित्य से जुड़े लोगों को आज सफलता मिलेगी। आपको किसी बड़े गुरु से जुड़ने का मौका मिलेगा। आज जरूरत से ज्यादा समय आप अपने बच्चों के साथ गुजार सकते हैं। आप उनके साथ कहीं घूमने जाने का प्लान भी बना सकते हैं। आज धार्मिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। किसी प्रोडेक्ट की मार्केटिंग के लिए दिन अच्छा है। आपकी पदोन्नति के आसार भी बन रहे हैं।

बदरंग होता समाज और आरक्षण की मृगतृष्णा!

//जयराम शुक्ल//

अटलजी की सरकार में योजना आयोग में रहे एक बड़े दलित नेता प्रो.सूरजभान ने कहा था- हर परिवार को न्यूनतम पाँच एकड़ जमीन दे देजिए और अपना ये आरक्षण अपने पास रखिये ये कामकाजी कर्मठ लोग अपनी हैसियत खुद बना लेंगे। स्वतंत्रता के बाद भारतमाता की पुनर्प्राणप्रतिष्ठा का सपना पाले गांधी जी इहलोक से प्रस्थान कर गए। अन्ना जैसे सभी समाजसेवी कहते हैं कि आज गांव संकट में हैं, इस देश को बचाना है तो गांवों को बचाना होगा। मोहन भागवत जी भारतमाता ग्राम्यवासिनी के वैभव की बात करते हैं और गाँवों को बचाने के लिए व्यापक पैमाने पर अभियान की जरूरत पर जोर देते हैं।

गांधी ग्राम स्वराज के पैरोकार थे। उन्हें इसकी पूरी आशंका थी कि आजादी के बाद नई अर्थव्यवस्था का प्रहार गांवों में होगा, और हुआ भी। यूरोपीय दर्शन से प्रभावित पं.जवाहरलाल नेहरू ने शहरों को विकास का मानक बना दिया। श्रम आधारित कुटीर उद्योगों की जगह भारी मशीनों का बोलबाला शुरू हुआ। गांव की मिश्रित अर्थव्यवस्था भंग होती गयी। परिणाम यह हुआ कि 90 के ग्लोबलाइजेशन के बाद, टाटा, बाटा सभी गाँव पहुंच गए। गांव के परंपरागत कौशल को संगठित व बड़ी कंपनियों ने हजम करना शुरू कर दिया। सबसे पहले इसी वर्ग से काम छिना जो गांव की अपनी स्वतंत्र अर्थव्यवस्था के कारक थे।

मध्यप्रदेश के रीवा जिले के जिस बड़ीहर्दी नामक गाँव का मैं निवासी हूँ उसका इतिहास पाँच सौ वर्ष से ज्यादा पुराना है। जो गाँव दो सौ वर्ष भी पुराने होंगे वहां के उम्रदराज लोगों ने आहिस्ता-आहिस्ता ढहती अर्थव्यवस्था को अपनी नजरों से देखा होगा। हमारे गाँव में प्रायः हर वृत्ति के पारंगत लोग थे। लुहार, बढ़ई, सोनार, ठठेर, ताम्रकार, रंगरेज, कोरी, धोबी, रंगरेज, नाई लखेरा, पटवा, मनिहार, बेहना,भड़भूजा बाँस का काम करने वाले बँसोर,चमड़े का जूता बनाने वाले चर्मकार, कुम्हार, बनिया, किसान। सभी एक दूसरे पर निर्भर या यों कहें परस्पर पूरक।

सन् सत्तर के दशक तक मेरी जानकारी में रुपये का विनिमय महज 10 प्रतिशत था। सभी काम सहकार और वस्तु विनिमय के आधार पर चलते थे। बड़ी कंपनियों के उत्पादों ने गाँव में सेध लगानी शुरू कर दी। सब एक-एक कर बेकार होते गए।

आज मेरे गाँव से लगभग समूचा कामकाजी वर्ग पलायन कर गया। लुहारी टाटा ने छीन ली और बाटा चर्मकार होकर पहुंच गए। सोनारों के धंधे में भी ब्राडेंड कंपनियाँ आ गईं।

एक बार टीवी डिबेट में मेरे एक साथी ने आपत्ति उठाई कि आप उनके उत्थान के पक्षधर नहीं हैं क्या? मैंने जवाब दिया हूँ.. कैसा उत्थान चपरासी की नौकरी पाना उत्थान है क्या.? जिनके पास सदियों से पीढ़ी दर पीढ़ी पारंपरिक कौशल है उसे आधुनिकता के साथ जोड़ा जाना चाहिए। यदि उन्हें ही कौशल संपन्न बनाया जाता तो आज गाँवों में टाटा-बाटा, तानिष्क नहीं घुसते। सबसे बड़ा खेल राजनीति का रहा। उन्होंने जातियों को वोट बैंक में बदल दिया और आरक्षण की मृगतृष्णा दिखा कर समूचे कामकाजी समाज को नौकरी की लाइन में खड़ा कर दिया। जबकि वास्तविकता यह है कि देश की सत्ता का संचालन करने भगवान् स्वयं आ जाएं तो वे सबको नौकरी नहीं दे सकते। एक सुनियोजित साजिश के तहत परंपरागत कौशल छीन कर उद्योगपतियों के हवाले कर दिया गया। गांधी ने जो ग्रामोद्योग वाली स्वावलंबी व्यवस्था सोची थी उसका सत्यानाश हो गया। हर छोटे-बड़े काम उद्योगपतियों के हवाले कर दिए गए। उद्योग जातीय बंधन नहीं मानता इसलिए पंडित बिंदेशरी पाठक आज देश के सबसे बड़े स्वीपर हैं और पंडित विश्वनाथ दुबे (जबलपुर) व देशपांडे जी(पुणे) ने देश के सबसे बड़े मुरगीपालक। आरक्षण से ज्यादा जरूरी था इस वर्ग का आर्थिक सशक्तिकरण। यदि दलित जातियों के पास धन आ जाता तो सामाजिक गैरबराबरी अपने आप मिट जाती। अटलजी की सरकार में योजना आयोग में रहे एक बड़े दलित नेता प्रो.सूरजभान ने कहा था- हर परिवार को न्यूनतम पाँच एकड़ जमीन दे देजिए और अपना ये आरक्षण अपने पास रखिये ये कामकाजी कर्मठ लोग अपनी हैसियत खुद बना लेंगे।

सत्तानशीनों से पूछिये क्या हुआ सीलिंग एक्ट का यह तो सांविधानिक व्यवस्था थी कि एक परिवार के पास निर्धारित रकबा से ज्यादा भूमि न हो। अतिशेष जमीन भूमिहीनों में बाँट दी जाए।

छः दशक काँग्रेस का शासन रहा क्या हुआ उस संविधानिक व्यवस्था का। भाजपा सरकार क्यों नहीं सोचती कि अतिशेष भूमि बाँटी जाए। चौधरी चरण सिंह उत्तरप्रदेश मे आज भी चकबंदी के फैसले और उसपर कड़ाई से अमल के लिए जाने जाते हैं।

सत्ता में नए जमाने के जमींदार काबिज हैं। जो नहीं थे वे कुर्सी पाते ही बन गए। आज गांवों के सामने नया संकट है। पहला तो यह कि सत्तर प्रतिशत लैंडहोल्डिंग दस प्रतिशत लोगों के पास है। ये दस फीसद लोगों की दोहरी नागरिकता है। हैं किसान पर रहते शहर में हैं। बड़े नगरों की पचास किमी की परिधि में अब ज्यादातर शहरी साहब ही किसान हैं। जमीनों का मालिकाना हक इन्हीं के पास है। ये बड़े अफसर हैं या व्यवसायी। इनका गाँवों की उन्नति से कोई लेना देना नहीं। निवेश और औद्योगिकीकरण के नाम पर जोत की जमीनें जा रही हैं। नेशनल हाइवेज का विस्तार में भी जोत की जमीन का बड़ा हिस्सा जा रहा है।

गांव के जो मध्यमवर्गीय किसान हैं उन्हें डराया जा रहा है कि खेती जोखिम का धंधा है। शहरी कारोबारी लोग कैसे की खेती करने गाँव घुस रहे हैं। हताश किसान एक मुश्त रकम पाकर खेती छोड़ रहा है। सरकारें किसानों की सुविधाओं की बातें तो कर रही हैं लेकिन उनका भरोसा नहीं जीत पा रहीं। यह कथित किसान आंदोलन भी कुछ इसी तरह के भ्रम का परिणाम है। कहीं पढ़ा था कि ब्राजील में ऐसा ही हुआ। गांवों में सिर्फ बीस प्रतिशत लोग रह गए। वे पलायन कर शहरों के स्लम में बस गए। खेती शहरी कारोबारियों के कब्जे मे आ गई। अपना देश जब आजाद हुआ था तब 85 फीसद लोग गावों में रहते थे। अब यह आँकड़ा 65 फीसदी तक पहुंच गया। इस दरम्यान शहरों की संख्या तीन गुना बढ़ गई, नब्बे हजार गाँव खत्म हो गए। जब आजादी मिली थी तब कृषि क्षेत्र का जीडीपी में योगदान 50 प्रतिशत था 2015 में यह 17 प्रतिशत आ गया। 40 प्रतिशत किसान ऐसे हैं जिन्हें विकल्प मिल जाए तो तत्काल खेती छोड़ दें। गांधी ने कहा था- प्रत्येक गाँव अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए स्वावलंबी हों तभी सच्चा ग्राम स्वराज आ सकता है। आजाद भारत में जमीन पर अधिकार जमीदारों का नहीं, जोतने वालों का होगा, वही असली मालिक होंगे। गांधी के इस सपने को तिल तिल मारा गया। जिस क्रूर अर्थव्यवस्था की छाया में हम आगे बढ़ रहे हैं उसके चलते गांवों का वजूद संकट में हैं। व्यवस्था की इस अंधी कोठरी में गाँवों की चिंता करने वालों का होना एक रोशनदान का होना है। भारतमाता ग्राम्यवासिनी, गाँव बचेंगे तभी देश बचेगा। हम सब अपने अपने हिस्से का सोचें और जितना बन सके करें।

टेक्नोलॉजी के विपरीत क्या फैसला देना उचित

//मनोज चतुर्वेदी//

मेलबर्न क्रिकेट मैदान पर खेले गए भारत- ऑस्ट्रेलिया के बीच चौथे टेस्ट में आखिरी दिन भारतीय ओपनर यशस्वी जायसवाल को जिस तरह से आउट दिया गया, उसने एक नई बहस छेड़ दी है कि क्या टेक्नोलॉजी के विपरीत फैसला देना उचित है। इस विवादास्पद फैसले का परिणाम पर क्या असर हुआ, यह अलग मसला है। हालांकि यशस्वी जिस समय आउट दिए गए, वह 84 रन पर खेल रहे थे और वह भारत को ड्रा की तरफ ले जाते नजर आ रहे थे। बहुत संभव है कि यह आउट नहीं दिया जाता तो मैच का परिणाम ड्रा रहता।

यशस्वी और ऋषभ पंत के खेलते समय भारत अच्छी स्थिति में नजर आने लगा था और ऑस्ट्रेलिया विकेट की जरूरत महसूस कर रहा था। इसी दौरान पैट कमिंस की लेग साइड पर ऊपर आती गेंद पर यशस्वी ने पुल करने का प्रयास किया और गेंद विकेटकीपर कैरी के ग्लब्स में चली गई। इस पर की गई अपील को अंपायर जोएल विल्सन के नकारे जाने पर पैट कमिंस ने डीआरएस लिया। स्लो मोशन में थंड अंपायर शरफुद्दौला को दिखा कि गेंद की ग्लब्स या बल्ले से लग कर दिशा बदली है। पर जब उन्होंने स्निको मीटर को देखा तो उसमें कोई हलचल नहीं दिखी। शरफुद्दौला ने गेंद की दिशा बदलने की वजह से आउट देने का फैसला किया जो विवादास्पद बन गया। भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने कमेंट्री करते समय इस फैसले पर नाखुशी जाहिर की। उनका कहना था कि जब आप टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करते हैं तो उसके हिसाब से ही फैसला करना चाहिए था यानी जब स्निको मीटर में कोई हलचल नहीं हुई तो यशस्वी को नॉट आउट दिया जाना चाहिए था क्योंकि मैदानी अंपायर ने उन्हें नॉट आउट दिया था। वैसे भी नियमों के मुताबिक थंड अंपायर मजबूत साक्ष्य होने पर ही मैदानी अंपायर के फैसले को बदलता है और यहां स्पष्ट साक्ष्य नहीं था। वैसे भी कई बार गेंद देर तक स्विंग करती है, जिससे कई बार उसके बल्ले से लगने का भ्रम हो जाता है और इस मामले में भी कुछ ऐसी ही स्थिति थी। गेंद बल्ले या ग्लब्स से लगती तो स्निकोमीटर में कोई न कोई हलचल जरूर होती।

वहीं रवि शास्त्री ने तो कहा कि इस सीरीज में अंपायर ऑस्ट्रेलिया के लिए छठे गेंदबाज की भूमिका निभा रहे हैं। इस सीरीज के पर्थ टेस्ट में केएल राहुल के कैच नहीं दिए जाने के साथ पूछ दिख रहा था कि गेंद उनके बल्ले से लगी है, पर स्निको मीटर में हलचल नहीं दिखने की वजह से उन्हें कैच नहीं दिया गया था, इसलिए तकनीक को लेकर एकरूपता होनी चाहिए। अब सवाल है कि जब अंपायर स्निको मीटर को वरीयता दे रहे हैं तो उन्हें इस मसले पर भी यही नियम अपनाना चाहिए था। पिछले एक-दो दशक से फैसलों को त्रुटिहीन बनाने के उद्देश्य से ही आईसीसी तनकीक के इस्तेमाल पर जोर दे रहा है पर जब तकनीक का सही इस्तेमाल नहीं होगा तो खिलाड़ियों का इस पर से भरोसा उठ सकता है। अंपायर्स कॉल का काफी समय से विरोध होता रहा है। इसमें किसी फैसले को लेकर अंपायर क्या सोचता है, इसका खिलाड़ियों को कई बार नुकसान और कई बार फायदा होता है। इस नियम के हिसाब से यदि अंपायर ने किसी बल्लेबाज को एलबीडब्ल्यू दे दिया है और डीआरएस लेने पर गेंद विकेट से छू गई है तो वह आउट हो जाएगा। दूसरी तरफ अंपायर ने आउट नहीं दिया है तो गेंद के विकेट को छू लेने भर से वह आउट हो जाएगा, इसलिए बेहतर हो कि गेंद विकेट को छू भर ले तो आउट दिया जाए, ऐसी तकनीक विकसित करके फैसलों को त्रुटिहीन बनाया।

यशस्वी तीसरे अंपायर के फैसले से संतुष्ट नहीं थे। इसलिए फैसला आने पर मैदान छोड़ने से पहले वह मैदानी अंपायरों से कुछ कहते सुने गए। इस पर मैदान में भारी तादाद मौजूद भारतीय समर्थक बेईमान-बेईमान के नारे बुलंद करते नजर आए। अच्छी बात है कि आज कहीं भी क्रिकेट खेली जाए भारतीय दर्शकों की मौजूदगी रहती ही है। मेलबर्न मैदान पर सर्वाधिक दर्शकों का 88 साल पुराना रिकॉर्ड टूट गया। इस टेस्ट को देखने के लिए 373651 दर्शक पहुंचे। इससे पहले 1937 में ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड टेस्ट को 350534 दर्शकों ने देख कर रिकॉर्ड बनाया था। इससे यह भी साबित होता है कि यदि टेस्ट मैचों में अच्छी क्रिकेट खेली जाए तो वहां भी दर्शकों को टोटा नहीं रहता। यशस्वी के खिलाफ फैसले पर विवाद होने की वजह से तीखी प्रतिक्रियाएं जरूर आ रही हैं। इस संबंध में पूर्व अंपायर साइमन टाफेल का कहना है कि मेरे विचार में फैसला आउट था और मेरी निगाह में तीसरे अंपायर ने फैसला सही किया। तकनीक प्रोटोकाल के साथ हम साक्ष्य भी देखते हैं। अगर अंपायर को लगता है कि गेंद की बल्ले से लगकर दिशा बदली है तो उसे तकनीक के उपयोग की जरूरत नहीं है। गेंद की दिशा में मामूली बदलाव भी महत्त्वपूर्ण साक्ष्य है। स्निको मीटर का संचालन बीबीजी स्पोर्ट्स करता है। इसके डायरेक्टर वरिन ब्रिनेन का कहना है कि स्निको मीटर में हलचल नहीं होने पर मैंने ऑडियो डायरेक्टर से पूछा तो उसने कहा कि किसी तरह की आवाज नहीं आई। वह कहते हैं कि ऐसी स्थिति में सिर्फ हॉट स्पॉट से ही किसी फैसले पर पहुंचा जा सकता था, लेकिन आईसीसी आजकल इसका इस्तेमाल नहीं कर रही है।

भारत विश्व की सबसे तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना

भारत में आर्थिक प्रगति की दर लगातार तेज होती दिखाई दे रही है। भारत के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर अन्य देशों की तुलना में दृश्त गति से बढ़ रही है। भारत विश्व की सबसे तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था बन गया है। भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था है और तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। भारत का वैश्विक व्यापार दृश्त गति से बढ़ रहा है। कुल मिलाकर भारत अर्थ के क्षेत्र में विश्व में चमकते सितारे के रूप उभर रहा है। लगातार तेज आर्थिक प्रगति का प्रभाव अब भारत में नागरिकों की औसत आय में वृद्धि के रूप में भी दिखाई देने लगा है।

हाल में अमेरिका में जारी यूबीएस बिल्यनेर एंबिशन रिपोर्ट के अनुसार भारत में बिलिनायर (अतिधनाढ्यों) की संख्या 185 तक पहुंच गई है और भारत विश्व में बिलिनायर की संख्या की दृष्टि से तीसरे स्थान पर आ गया है। बिलिनायर अर्थात वह नागरिक जिसकी संपत्ति 100 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक हो गई है (यानी भारतीय मुद्रा में 8,400 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति)। पहले स्थान पर अमेरिका (835 बिलिनायर) है और दूसरे स्थान पर चीन (427 बिलिनायर) है।

पूरे विश्व में आज बिलिनायर की संख्या 2682 तक पहुंच गई है जबकि 2015 में यह संख्या 1757 थी। पिछले एक वर्ष के दौरान भारत में बिलिनायर की संपत्ति 42 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 9,560 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गई जबकि अमेरिका में बिलिनायर की संपत्ति 2023 में 4 लाख 60 हजार करोड़ अमेरिकी डॉलर से बढ़ कर 2024 में 5 लाख 80 हजार करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गई है। पूरे विश्व में बिलिनायर की संपत्ति बढ़ कर 14 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गई है। इस रिपोर्ट यह संभावना भी जताई गई है कि आने वाले 10 वर्षों में भारत में बिलिनायर की संख्या में और तेज गति से वृद्धि होगी। भारत में 108 से अधिक पारिवारिक व्यवसाय में संलग्न परिवार भी हैं, जो अपने व्यवसाय को भारतीय पारिवारिक परंपरा के अनुसार बढ़ा रहे हैं, और भारत में बिलिनायर की संख्या में वृद्धि और भारतीय अर्थव्यवस्था में अपना योगदान दे रहे हैं।

भारतीय बिलिनायर की संख्या भारत में ही नहीं बढ़ रही है, बल्कि अन्य देशों में निवास कर रहे भारतीय भी बिलिनायर की श्रेणी में शामिल हो रहे हैं और अपनी आय के कुछ हिस्से को भारत में भेज कर यहां निवेश कर रहे हैं, और इस प्रकार अन्य देशों में निवास कर रहे भारतीय मूल के नागरिक भी भारत के आर्थिक विकास में योगदान दे रहे हैं। विशेष रूप से भारत के विदेशी मुद्रा भंडार को दृश्त गति से बढ़ाने में भारतीय मूल के नागरिकों का महती योगदान रहता है। इस समय भारतीय मूल के एक करोड़ 80 लाख से अधिक नागरिक विभिन्न देशों में रह रहे हैं, और हर साल अपनी कमाई का बड़ा हिस्सा भारत में जमा के रूप से भेजते हैं। हाल में वॅल्ड बैंक द्वारा जारी एक रिपोर्ट बताया गया है कि 2024 में 12,900 करोड़ अमेरिकी डॉलर की भारी भरकम राशि अन्य देशों में रह रहे भारतीयों ने भारत में भेजी है।

तस्वीरों की दुनिया

ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने भुवनेश्वर में 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित किया।

भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ओडिशा के भुवनेश्वर में 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के दौरान प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार प्रदान करती हुई।

असम के नागांव जिले में राहा के पास माघ बिहू त्यौहार से पहले प्रकृति जागरूकता थीम वाली भेलाघर नामक एक अस्थायी झोपड़ी के सामने सेल्फी लेती लड़कियां।

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने पटना स्थित पार्टी कार्यालय में पार्टी के सभी पदाधिकारियों के साथ बैठक की।

महाकुंभ मेला 2025 के लिए वक्फी प्रवेश धार्मिक जुलूस के दौरान साधुओं के साथ आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि, प्रयागराज में संगम की ओर उनके औपचारिक प्रवेश को चिह्नित करते हुए।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रयागराज के सेक्टर-7 में यूपी राज्य मंडप प्रदर्शनी और कला कुंभ प्रदर्शनी के उद्घाटन के अवसर पर।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिल्ली में अशोक रोड से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के फिरोज शाह रोड स्थित आवास तक पूर्वांचल सम्मान मार्च निकाला।

प्रधानमंत्री मोदी से मिले सीएम योगी कलश भेंटकर दिया महाकुंभ का निमंत्रण

लखनऊ, 11 जनवरी [एजेंसी]।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने दो दिवसीय प्रयागराज दौरे के बाद शुक्रवार की शाम नई दिल्ली पहुंचे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और उन्हें महाकुंभ आने का निमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री ने महाकुंभ का प्रतीक अमृत कलश भी उन्हें भेंट किया। करीब एक घंटे तक हुई इस मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री ने इंटरनेट मीडिया एक्स पर इसकी फोटो पोस्ट करते हुए इस मुलाकात को शिष्टाचार भेंट बताया है।योगी ने लिखा...आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आज नई दिल्ली में शिष्टाचार भेंट की। आपके मार्गदर्शन और प्रेरणा से सनातन गर्व का प्रतीक महाकुंभ-2025, प्रयागराज आज अपने दिव्य, भव्य और डिजिटल स्वरूप से दुनिया को नए भारत का दर्शन करा रहा है।अपना बहुमूल्य समय प्रदान करने हेतु हार्दिक आभार प्रधानमंत्री जी। सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री से मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने महाकुंभ की तैयारियों के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान अयोध्या की मिल्कीपुर उपचुनाव पर भी दोनों के बीच चर्चा हुई। इससे पहले योगी खुद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद आदि को भी महाकुंभ में आने का न्योता दे चुके हैं।आपके मार्गदर्शन और प्रेरणा से सनातन गर्व का प्रतीक महाकुम्भ-2025, प्रयागराज आज अपने दिव्य, भव्य और डिजिटल स्वरूप से दुनिया को नए भारत का दर्शन करा रहा है।वहीं दूसरी ओर, दिव्य और भव्य महाकुंभ को लेकर प्रयागराज के साथ ही लक्ष्मणनगरी में भी तैयारियां पूरी हो गई हैं। 13 जनवरी को पौष पूर्णिमा पर पहले अमृत स्नान के साथ ही महाकुंभ की शुरुआत होगी तो राजधानी के श्रद्धालु भंडारे का आयोजन कर लोगों को प्रसाद खिलाएंगे।

26 फरवरी तक चलने वाले महाकुंभ में मनकामेश्वर मंदिर की महंत देव्या गिरि व खदरा के नानक शाही मठ के मठाधीश स्वामी धर्मेंद्र दास समेत कई संतों की टोली वहां पहुंच चुकी है।हर दिन तीन लाख से अधिक श्रद्धालुओं को भंडारे में प्रसाद खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। भंडारे की सामग्री और सेवादार पहुंच चुके हैं। 1992 से भंडारे का आयोजन महाकुंभ में श्री दुर्गा जी मंदिर धर्म जागरण एवं सेवा समिति की ओर से भंडारे का आयोजन किया जाएगा। समिति के प्रबंधक राजेंद्र गोयल ने बताया कि नासिक, हरिद्वार, उज्जैन के साथ प्रयागराज में लगने वाले महाकुंभ में हमारी समिति की ओर से भंडारे का आयोजन किया जाता है।इस बार भी महाकुंभ में बने सेक्टर-आठ में भंडारे के लिए जगह मिल गई है। 1992 में महाकुंभ में भंडारा करवाने की शुरुआत की गई थी तब से लगातार होता आ रहा है। सुबह चाय के साथ भंडारा शुरू होता है और शाम को भोजन के साथ ही समाप्त होता है। हर दिन 10 से 15 हजार लोगों को प्रसाद ग्रहण कराने का लक्ष्य रखा गया है।आज से होगी शिविर की शुरुआत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखा गंगा समग्र की ओर से महाकुंभ के सेक्टर-नौ में शनिवार से शिविर की शुरुआत होगी। अवध प्रांत के सह संयोजक अनुराग पांडेय ने बताया कि प्रतिदिन हवन पूजन, प्रसाद वितरण के साथ भंडारे का आयोजन किया जाता है। जब तक कुंभ चलता है तब तक प्रतिदिन भंडारे का आयोजन किया जाता है। हमारे यहां प्रतिदिन हजारों भक्त प्रसाद ग्रहण करते हैं। तीन लाख से अधिक श्रद्धालुओं को प्रसाद खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। संगोष्ठी, कथा प्रवचन, राम कथा व भजन संध्या का भी प्रतिदिन आयोजन होगा। पहुंचा मनकामेश्वर मंदिर का सेवा दल मनकामेश्वर मंदिर की महंत देव्या गिरि के सानिध्य में महाकुंभ में भंडारा लगाया जाएगा। मंदिर के सेवादार जा चुके हैं। महंत ने बताया कि भंडारे के लिए अनाज, सब्जियां, बर्तन आदि सामान जा चुका है। प्रतिदिन सुबह शाम भंडारे का आयोजन होगा। साधु और साध्वियों के लिए भी अलग भंडारे व रहने की व्यवस्था है। भंडारे के अलावा पौधरोपण कर लोगों को पर्यावरण बचाने के लिए जागरूक किया जाता है। हर दिन 10 से 15 हजार श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे।

श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामले में सभी मुकदमों की एक साथ सुनवाई में हर्ज क्या है

मस्जिद कमेटी को सुप्रीम कोर्ट का जवाब

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मथुरा कृष्ण जन्मस्थान-शाही ईदगाह विवाद मामले में लंबित सभी मुकदमों को सुनवाई के लिए एक साथ संलग्न करने के इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश को मस्जिद कमेटी द्वारा चुनौती देने पर सवाल उठाते हुए शुक्रवार को कहा कि मुकदमों को संलग्न कर साथ सुनवाई करने में हर्ज क्या है। यह तो न्यायहित में है और दोनों पक्षों के लिए अच्छा है।शीर्ष अदालत ने हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली मस्जिद कमेटी की याचिका पर विचार की अनिच्छा जताते हुए कहा कि सभी मुकदमे साथ संलग्न करने के आदेश में क्यों दखल दिया जाए। कोर्ट ने कहा कि हर आदेश का विरोध करना जरूरी नहीं है। हालांकि अंत में प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने मस्जिद कमेटी को इस मुद्दे पर बाद में तर्क रखने की छूट देते हुए मामले की सुनवाई अप्रैल के पहले सप्ताह तक के लिए टाल दी। यानी यह मुद्दा अब लंबित है। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने पिछले वर्ष 11 जनवरी को मथुरा कृष्ण जन्मस्थान शाही ईदगाह मस्जिद विवाद से संबंधित मंदिर पक्ष की ओर से दाखिल किये गए 15 मुकदमों (वादों) को जिला अदालत से हाई कोर्ट स्थानांतरित करते हुए एक साथ सुनवाई के लिए संलग्न करने का आदेश दिया था। मस्जिद कमेटी ने इस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। जब मामला सुनवाई पर आया तो सीजेआई संजीव खन्ना ने प्रथम दृष्टया हाई कोर्ट के आदेश के पक्ष में नजरिया प्रकट करते हुए कहा कि मुकदमों को साथ संलग्न करने के आदेश में अभी कोर्ट को क्यों हस्तक्षेप करना चाहिए।

ट्रंप और ओबामा का वीडियो वायरल, होंठ पढ़ने वाले ने बताया- दोनों के बीच क्या हुई बात, सामने आ रहा ईरान कनेक्शन

नई दिल्ली। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दिवंगत पूर्व राष्ट्रपति जिमी कार्टर को श्रद्धांजलि देने पहुंचे। श्रद्धांजलि समारोह में ट्रंप के अलावा अमेरिका के तीन पूर्व और मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडेन भी पहुंचे। पूर्व राष्ट्रपतियों में जॉर्ज बुश, बराक ओबामा और बिल क्लिंटन ने जिमी कार्टर को श्रद्धांजलि आर्पित की। वहां डोनाल्ड ट्रंप से चुनाव हारने वाली कमला हैरिस भी मौजूद रहीं। मगर इस बीच दुनियाभर में बराक ओबामा और डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुई बातचीत का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो के अपने-अपने मायने निकाले जा रहे हैं।स्काई न्यूज ने बराक ओबामा और डोनाल्ड ट्रंप के मध्य हुई बातचीत का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया। इसके बाद होंठों के संकेत से शब्दों को पकड़ने वाले अमेरिका के फोरेंसिक लिप रीडर जेरेमी फ्रीमैन ने बातचीत को पढ़ने का दावा किया। न्यूयॉर्क पोस्ट के मुताबिक फ्रीमैन के मुताबिक दोनों ही नेता 2015 के ईरान परमाणु समझौते के बारे में बातचीत कर रहे थे। दरअसल, इस समझौते पर ओबामा ने हस्ताक्षर किया था। बाद में 2018 में ट्रंप ने इस समझौते से अमेरिका को हटा लिया था।वीडियो में डोनाल्ड ट्रंप और बराक ओबामा एक साथ बैठे हैं। दोनों किसी मुद्दे पर चर्चा कर रहे हैं। मगर यह मुद्दा क्या है... यह अभी स्पष्ट नहीं है। बातचीत के दौरान दोनों नेता कई बार एक-दूसरे को मुस्कुरा कर जवाब देते हैं।

मैं भी आम इंसान हूं, भगवान नहीं, मुझसे भी गलतियां हुईं सोशल मीडिया की ताकत को लेकर क्या बोले पीएम मोदी

नईदिल्ली, 11 जनवरी [एजेंसी]।

पॉस्टकास्ट पर दिये अपने पहले साक्षात्कार में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने जीवन, राजनीति, कूटनीति समेत सामाजिक क्षेत्र के विभिन्न मुद्दों पर खुलकर बोला। प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में सरकार के प्रमुख के तौर पर अपने लंबे कार्यकाल के दौरान लिए गए फैसलों का हवाला देते हुए उन्होंने साफ किया कि उनसे भी गलतियां हुई है, वे भी एक आम इंसान हैं, भगवान नहीं हैं।प्रधानमंत्री ने युवाओं से राजनीति में आने की अपील करते हुए कहा कि इसे ऑबशिन नहीं, मिशन के रूप में लेना चाहिए। पॉडकास्टर और जीरोधा कंपनी के सह-संस्थापक निखिल कामथ के साथ बातचीत में प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया को लोकतंत्र को मजबूत करने वाला बताया। अपने लंबे राजनीतिक जीवन के अनुभवों को साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी आज भी वही है, जो पहले थे।साक्षात्कार के दौरान कामथ ने प्रधानमंत्री को एक फोटो दिखाया, जिसमें वे मंच से नीचे बैठे थे। यह फोटो 2001 में उनके मुख्यमंत्री बनने के पहले का था। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन सालों में पद, परिस्थितियां और

व्यवस्थाएं जरूर बदली होगी, लेकिन मोदी वही है, जो नीचे बैठा है। प्रधानमंत्री ने बताया कि पहले मुख्यमंत्री और फिर प्रधानमंत्री के रूप में अपने 23 साल के लंबे कार्यकाल के दौरान उन्होंने हमेशा आम लोगों और गरीबों को अपने शासन के केंद्र में रखा और नौकरशाही को भी इसके लिए तैयार किया। उन्होंने बताया कि किस तरह से गोधरा कांड के बाद उन्होंने सिक्यूरिटी प्रोटोकाल तोड़कर सिंगल इंजन के हेलीकाप्टर से घटनास्थल पर पहुंचे थे। इसी तरह से भुज में भूकंप की विभीषिका के बाद पुनर्निर्माण के लिए नौकरशाही को अपने ही बनाए नियम-कायदे को बदलने के लिए प्रेरित किया था।

प्रधानमंत्री मोदी के अनुसार सरकार के प्रमुख के रूप में फैसला लेते हुए गलती होना स्वाभाविक प्रक्रिया है। लेकिन इसके पीछे नीयत गलत नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इंसान होने के कारण उनसे भी फैसला लेने में गलतियां हुई, लेकिन उनकी नीयत कभी गलत नहीं रही। प्रधानमंत्री के रूप में अपने पहले और दूसरे कार्यकाल से तुलना करते हुए उन्होंने कहा कि तीसरे कार्यकाल में वे ज्यादा आत्मविश्वास से भरे हैं और 2047 तक विकसित भारत बनाने की ओर तेजी से काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि युवाओं को राजनीति को गंदा नहीं मानना चाहिए। राजनीति में अच्छे और प्रतिभावान युवाओं की जरूरत है, जो देश और समाज को सही दिशा दे सके। उन्होंने साफ किया कि राजनीति सिर्फ विधायक और सांसद बनना नहीं है। देश भर में मुश्किल से 10 हजार विधायक और 1000 से भी कम सांसद होंगे। राजनीति का कैनवास इससे बहुत बड़ा है।उन्होंने कहा कि चुनाव ही राजनीति नहीं है।

पंजाब में आप विधायक गुरप्रीत गोगी की गोली लगने से मौत, लुधियाना के डीएमसी अस्पताल में तोड़ा दम

लुधियाना, 11 जनवरी [एजेंसी]।

एक बड़े घटनाक्रम में शुक्रवार देर रात लुधियाना पश्चिम से आम आदमी पार्टी के विधायक गुरप्रीत बस्सी गोगी की गोली लगने से मौत हो गई। उन्हें गंभीर हालत में डीएमसी अस्पताल में दाखिल करवाया गया।देर रात तक डीएमसी की इमरजेंसी में डॉक्टरों की टीम उनके उपचार में जुटी रही पर लाख कोशिशों के बाद भी उन्हें बचाया नहीं जा सका। मिली जानकारी के अनुसार विधायक गोगी किसी समारोह में भाग लेकर घर लौटे थे और अपने कमरे में खाना खा रहे थे। इसी दौरान गोली चलने की आवाज आई। आनन-फानन में विधायक की पत्नी डॉ. सुखचैन कौर गोगी तत्काल कमरे में पहुंचीं तो गोगी लहूलुहान हालत में पड़े थे। उन्हें तत्काल कार द्वारा डीएमसी अस्पताल लाया गया। बताया जा रहा है कि उन्हें अपने ही लाइसेंसी पिस्टल से गोली लगी। गोली किन परिस्थितियों में लगी, यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। गोगी को अस्पताल लाने से पहले इसकी सूचना अस्पताल प्रबंधन को दी गई थी ताकि डॉक्टरों की टीम तैयार रहे।गोगी के पहुंचते ही डॉक्टरों की टीम उनके उपचार में जुट गई। डॉक्टरों ने गोगी को कृत्रिम श्वास देने के लिए लगातार पंपिंग की। इस दौरान इमरजेंसी वार्ड में गोगी की पत्नी और पारिवारिक सदस्य मौजूद थे।घटना की जानकारी मिलते ही लुधियाना कमिश्नरेट के पुलिस कमिश्नर कुलदीप चाहल डीएमसी अस्पताल पहुंचे। तुरंत बाद डीसीपी शुभम अग्रवाल, एडीसीपी रमनदीप भुल्लर, एसीपी अकर्शी जैन भी अस्पताल पहुंच गईं। डीएमसी की इमरजेंसी और उसके आसपास बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात कर दिए गए। घटना की जानकारी मिलते ही लुधियाना कमिश्नरेट के पुलिस कमिश्नर कुलदीप चाहल डीएमसी अस्पताल पहुंचे। तुरंत बाद डीसीपी शुभम अग्रवाल, एडीसीपी रमनदीप भुल्लर, एसीपी अकर्शी जैन भी अस्पताल पहुंच गईं। डीएमसी की इमरजेंसी और उसके आसपास बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात कर दिए गए। कोई पुलिस अधिकारी इस संबंध में कुछ भी कहने से कतराता रहा। उधर, सूचना पाकर आप कार्यकर्ता और गोगी समर्थक अस्पताल पहुंचने शुरू हो गए थे। गुरप्रीत बस्सी गोगी को गुरप्रीत के नाम से जाना जाता है। उन्हें उनके समर्थक गोगी नाम से भी पुकारते हैं। वह पंजाब की लुधियाना पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से विधायक थे।

सीरिया की मस्जिद में भगदड़ से चार लोगों की मौत, कुछ बच्चे बेहोश

दमिश्क। सीरिया की राजधानी दमिश्क की मशहूर उमय्यद मस्जिद में शुक्रवार को हुई भगदड़ में चार लोगों की मौत गई, जबकि 16 लोग घायल हुए हैं। सीरिया की सिविल डिफेंस समूह, व्हाइट हैलमेट्स के अनुसार, घटना के दौरान पांच बच्चों को फैक्चर, गंभीर चोटें आई हैं और कुछ बच्चे बेहोश हो गए।यह हादसा एक नागरिक द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान भारी भीड़ के बीच हुआ। व्हाइट हैलमेट्स ने बताया कि हमारी टीमों ने अन्य बचावकर्मियों के साथ मिलकर घायलों को मेडिकल सहायता दी गई। मस्जिद से एक महिला के शव को बरामद किया गया है। सीरिया के नए शासकों ने आठ दिसंबर को दमिश्क पर नियंत्रण कर लिया था, जिससे राष्ट्रपति बशर अल-असद को 13 साल से अधिक समय तक चले गृहयुद्ध के बाद भागने पर मजबूर होना पड़ा।

संभल में 1978 दंगे के गवाहों को तलाशना पुलिस-प्रशासन के लिए चुनौती, विधान परिषद में उठा था मुद्दा

संभल, 11 जनवरी [एजेंसी]।

1978 में हुए दंगे की आख्या तैयार करने के लिए पुलिस-प्रशासन जुटने का दावा कर रहा है, लेकिन सवाल ये है कि आखिर उस समय के गवाहों को पुलिस कैसे तलाशेगी। उसके बारे में पुलिस अभी कुछ नहीं कह रही है, लेकिन गवाहों की तलाश किसी चुनौती से कम नहीं है। यह आख्या तैयार करने की जिम्मेदारी अपर पुलिस अधीक्षक श्रीश्चंद्र व अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा को सौंपी गई है।बता दें कि मेरठ-सहारनपुर के एमएलसी श्रीचंद शर्मा के द्वारा 17 दिसंबर को सदन में विधान परिषद सत्र के दौरान कहा गया था कि सन 1978 में संभल में हुए सांप्रदायिक दंगों के कारण दर्जनों हिंदुओं को जिंदा जलाया गया था एवं सैकड़ों लोगों की हत्या कर उनके मकान एवं दुकानों पर कब्जा कर लिया गया था। इस कारण सैकड़ों हिंदू परिवार पलायन करने के लिए मजबूर हो गए थे, जिन्हें आज तक न्याय नहीं मिला और हाल ही में प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाते समय वहां एक मंदिर भी मिला है, जिस पर 46 वर्षों से ताला लगा

हुआ था। जिसके प्रांगण पर लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया है।वहां पर कुआं की खोदाई में भगवान की टूटी हुई मूर्तियां निकल रही हैं, जिससे प्रतीत होता है कि वहां उस समय हिंदुओं एवं हिंदू धर्म पर किस प्रकार अत्याचार किए गए थे। अतः उक्त सांप्रदायिक दंगे में पीड़ित लोगों को न्याय दिलाने हेतु मैं सदन के माध्यम से जनहित में जनपद संभल में सन 1978 में हुए सांप्रदायिक दंगों की जांच कराये जाने एवं दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई किए जाने की मांग करता हूं। इसी सिलसिले में शासन ने संभल प्रशासन को एक पत्र जारी कर उस दंगे की आख्या मांगी है। जिसे सात दिन में प्रस्तुत करने की बात कही है। इस आख्या के लिए शासन से अपर पुलिस अधीक्षक को नामित किया है। फिर पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई की तरफ से डीएम को लिखे गए पत्र पर संयुक्त जांच के लिए डीएम ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को नामित किया गया है।

अब दोनों अधिकारियों के द्वारा संयुक्त जांच की जा रही है। खास बात यह है कि उस दंगे से जुड़े अभिलेख अभी तक सामने नहीं आए हैं। सिर्फ कोतवाली में एक रजिस्टर है, जिसमें नौ लोगों की मौत का जिक्र है। दीगर बात यह है कि पुलिस के लिए यह तलाशा काफी मुश्किल होगा कि उस समय के गवाह कौन-कौन थे।विधान परिषद सदस्य श्रीश चंद्र शर्मा ने 1978 में हुए दंगे की सूचना मांगी थी। यह जानकारी जुटाई जा रही है। अपर जिलाधिकारी को आख्या तैयार करने के लिए नामित गया है। जल्द ही आख्या शासन को भेज दी जाएगी।-डॉ. राजेंद्र पैंसिया, डीएम संभल। इस प्रकरण की जांच आख्या तैयार करने का जिम्मा अपर पुलिस अधीक्षक को सौंपा गया है। वो, इसमें लगे हुए हैं। कैसे-कैसे, क्या-क्या इस आख्या में तैयार हो रहा है। यह बता पाना अभी संभव नहीं है। कृष्ण कुमार बिश्नोई, एसपी संभल।

10 महीने पहले महिला को मारा, फ्रीज में रखा शव... स्विच ऑन करके चला गया किरायेदार, अब ऐसे खुला हत्या का राज

देवास, 11 जनवरी [एजेंसी]।

मध्य प्रदेश के देवास में दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक महिला का शव फ्रीज में मिला है। महिला की हत्या 10 महीने पहले की गई थी। पुलिस ने मामला प्रकाश में आने के कुछ ही घंटों बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना देवास बाईपास स्थित वृंदावन धाम कॉलोनी की है।जानकारी के मुताबिक महिला और आरोपी पांच साल से लिव इन रिलेशनशिप में रहते थे। महिला शख्स पर शादी का दबाव बना रही थी। इसी से परेशान होकर युवक ने अपने एक दोस्त के साथ मिलकर महिला की हत्या की। इसके बाद शव को फ्रीज में बंद करके भाग निकले।महिला की पहचान पिंकी उर्फ प्रतिभा प्रजापति के तौर पर हुई है। वह संजय पाटीदार के साथ जून 2023 से वृंदावन कालोनी में इंदौर के रहने वाले धीरेंद्र श्रीवास्तव के मकान में किराये पर रहती थी। पिछले साल जून महीने में संजय ने मकान खाली कर दिया। मगर मास्टर बेडरूम और स्टडी रूम को खाली नहीं किया। इन दोनों रूमों में ताला लगाकर वह चला गया। बाद में मकान मालिक ने बलवीर सिंह को घर किराये पर दे दिया। उसके बाद भी लंबे समय तक संजय कमरे खाली करने नहीं पहुंचा। इसके बाद धीरेंद्र ने किरायेदार से ताला तोड़कर संजय के सामान को बाहर रखने को कहा।

बलवीर सिंह ने गुरुवार को कमरों का ताला तोड़ा। वहां उन्हें एक फ्रीज दिखी। उसका स्विच ऑन था। बलवीर ने स्विच बंद कर दिया। कल सुबह घर में बदबू आने लगी। किरायेदार बलवीर सिंह ने पुलिस और मकान मालिक को इसकी जानकारी दी। सूचना मिलने के बाद घर पहुंची पुलिस ने जब फ्रीज खोला तो होश उड़ गए। उसके अंदर महिला का शव था। पुलिस ने पिछले किरायेदार संजय पादीदार पर हत्या का शक जताया। एसपी पुनीत गेहलोद के मुताबिक आरोपी उज्जैन जिले के इंगोरिया थाना क्षेत्र मोलाना गांव का रहने वाला है। बीएनपी थाने की पुलिस ने तत्परता दिखा आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी गेहलोद ने बताया कि पूछताछ में सामने आया है कि संजय ने अपने साथी विनोद दवे के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। एसपी ने बताया कि पिछले साल मार्च महीने में हत्या की गई थी। आरोपी ने शव को फ्रीज में रखने के बाद तापमान को न्यूनतम पर सेट कर दिया। फ्रीज के बाहर कपड़ा बांधा और ऊपर अन्य सामान भी रख दिया। शव से बदबू न आए... इसलिए उसने स्विच ऑन कर दिया। पुलिस के मुताबिक शव जमा हुआ था। इस वजह से वह खराब नहीं हुआ।

देश मुस्लिम लीग की मानसिकता से नहीं, आस्था के अनुरूप चलेगा, सीएम योगी ने महाकुंभ में दिया बड़ा बयान

महाकुंभनगर, 11 जनवरी [एजेंसी]।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को महाकुंभ मेला क्षेत्र में ऐरावत घाट पर हुए कार्यक्रम में कहा कि एक वर्ष पूर्व अयोध्या में 500 वर्षों का इंतजार समाप्त करके रामलला का विराजमान होना और 144 वर्षों बाद इस तरह के मुहूर्त में महाकुंभ का होना, ये ईश्वर की कृपा है। कहा कि देश मुस्लिम लीग की मानसिकता से नहीं, भारत की आस्था के अनुरूप चलेगा। हमने कभी किसी के साथ भेदभाव नहीं किया है। आईन-ए-अकबरी कहती है कि वर्ष 1528 में अयोध्या में राम जन्मभूमि पर भगवान रामलला के मंदिर को तोड़कर एक ढांचा खड़ा किया गया था। ये सारे काम मीरबाकी ने किए हैं।विपक्ष पर पलटवार करते हुए सीएम बोले, उन्होंने कभी नहीं कहा कि भाजपा ने खुद को महाकुंभ के आयोजन से जोड़ा है। इस आस्था को नई ऊंचाई देने से किसने रोका था। वर्ष 2017 के पहले यही आयोजन गंदगी का पर्याय बनता था। वर्ष 2013 के महाकुंभ में क्या स्थिति थी, मॉरीशस के तत्कालीन प्रधानमंत्री ने गंदगी देख

आंखों से आंसू बहाकर दुखी मन से कहा था कि क्या यही गंगा है और वापस चले गए थे। वर्ष 2019 में मॉरीशस के प्रधानमंत्री ने 450 लोगों के साथ डुबकी लगाई। कहा कि 2019 का कुंभ स्वच्छता के लिए जाना जाता है। कहा कि उन्होंने स्नान के साथ आचमन भी किया है। स्वास्थ्य खराब नहीं हुआ। कुछ लोगों ने दुष्प्रचार का ठेका ले रखा है। इस समय संगम पर 10 हजार 300 क्यूसेक पानी है। यह इतना पवित्र है कि स्नान भी कर सकते हैं और बिना किसी संकोच के आचमन भी कर सकते हैं। मैं खुद करता हूं। यह मेरी आस्था भी है। महाकुंभ के आयोजन पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रयागराज जिस कार्य का हकदार था, उसको प्राप्त होना चाहिए। कहा कि पुराणों में पांच हजार वर्ष पहले से उल्लेख है कि संभल में हरिविष्णु का 10वां अवतार कल्कि के रूप में होगा। पांच हजार वर्ष पहले इस्लाम नहीं था। आइन-ए-अकबरी कहती है कि 1526 में श्रीहरिविष्णु मंदिर को तोड़कर ढांचा खड़ा किया गया है। इस गलती को स्वीकार किया जाना चाहिए। उन्हें खुद से दे देना चाहिए।

नेगेटिव किरदार नए प्रयोग करने की स्वतंत्रता देते हैं : रेवा कौरसे

टीवी शो 'दीवानियत' में अलीशा का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री रेवा कौरसे ने बताया कि नकारात्मक भूमिकाएं आपको प्रयोग करने की स्वतंत्रता देती हैं, जो आमतौर पर सकारात्मक किरदारों में नहीं होती। रेवा ने कहा, एक कलाकार के तौर पर अलीशा का किरदार निभाना मेरे लिए एक रोमांचक अनुभव रहा है। वह कई परतों वाली एक जटिल भूमिका है और उसके डार्क पक्ष को तलाशना चुनौतीपूर्ण और फायदेमंद दोनों रहा। अभिनेत्री ने कहा, नकारात्मक भूमिकाएं आपको भावनाओं के साथ प्रयोग करने की स्वतंत्रता देती हैं, जो आमतौर पर सकारात्मक किरदारों में नहीं होती।

बता दें, दीवानियत की मौजूदा कहानी में रेवा अलीशा का किरदार निभा रही हैं। धारावाहिक को काफी पसंद किया जा रहा है। कई ट्विस्ट कहानी में आ रहे हैं। ताजा एपिसोड में अलीशा का देव (मुख्य किरदार) के प्रति जुनून हताशा में बदलता दिख रहा है। देव और मन्नत के बीच के बंधन को स्वीकार करने में असमर्थ अलीशा देव का प्यार जीतने की चाह में जोड़े के बीच दरार पैदा करने की ठान लेती है। अभिनेत्री ने अपने किरदार अलीशा को दिलचस्प बताया। अभिनेत्री ने कहा, मैंने अलीशा के किरदार के साथ बहुत कुछ सीखा है और इससे एक कलाकार के रूप में मेरे में काफी निखार आया। मैं दर्शकों की जबरदस्त प्रतिक्रिया के लिए आभारी हूं और उम्मीद करती हूं कि कहानी के आगे बढ़ने के साथ-साथ वे शो को समर्थन देते रहेंगे। देव के प्रति अलीशा का जुनून एक गहरी भावनात्मक उथल-पुथल से उपजा है और मैं उसकी यात्रा को पूरी ईमानदारी से निभा रही हूं। दीवानियत' की कहानी जीत और मन्नत के इर्द-गिर्द घूमती है, जिनके बीच प्रेम का रिश्ता है मगर उनके परिवारों के बीच झगड़ा या आपसी मनमुटाव है। दीवानियत का प्रीमियर 11 नवंबर 2024 को स्टार प्लस पर हुआ था। यह डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रही है। इस सीरीज में कृतिका सिंह यादव, विजयेंद्र कुमेरिया और नवनीत मलिक मुख्य भूमिका में हैं।

मौत के जोखिम को कम करने के लिए इस समय पीएं कॉफी, अध्ययन में आया सामने

कई लोग अपनी दिन की शुरुआत कॉफी से करना पसंद करते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इसका हमारे शरीर पर कैसा असर पड़ता है?

इस बात का पता लगाने के लिए ही वैज्ञानिकों द्वारा कई तरह के अध्ययन किए गए हैं।

हालांकि, नए अध्ययन में पाया गया है कि कॉफी पीने से मिलने वाले लाभ इस बात पर निर्भर करते हैं कि आप इसे कब पीते हैं।

आइए इसके बारे में विस्तार से जानते हैं।

कॉफी पीने के समय पर ध्यान देना है जरूरी- डॉक्टर लू

एक अध्ययन के मुताबिक, अगर व्यक्ति कॉफी का सेवन सुबह के समय तक सीमित रखता है तो इससे समय से पहले मृत्यु आने का खतरा कम हो सकता है।

अध्ययन के प्रमुख लेखक डॉक्टर लू क्यूई ने एक प्रेस रिलीज में कहा, यह कॉफी पीने का समय स्वास्थ्य परिणामों का परीक्षण करने वाला पहला अध्ययन है। हम अमूमन आहार के समय के बारे में सलाह नहीं देते, लेकिन शायद हमें इस बारे में सोचना चाहिए।

कॉफी और बीमारियों का संबंध

इस अध्ययन के मुताबिक, प्रतिभागियों द्वारा समय के साथ कॉफी के सेवन की जांच करने वाले अधिकांश पिछले अध्ययनों में पाया गया है कि मध्यम स्तर की कॉफी की खपत टाइप-2 मधुमेह, हृदय संबंधी बीमारियों और समय से पहले मृत्यु के कम जोखिम से जुड़ी हो सकती है।

हालांकि, लेखकों का कहना है कि आनुवंशिकी या अधिक कॉफी पीना जैसे कारक इस संबंधों को प्रभावित करते हैं या नहीं, इसके वैज्ञानिक प्रमाण विवादास्पद रहे हैं।

इस तरह से किया गया अध्ययन

इस अध्ययन के लेखकों ने साल 1999 से 2018 तक आयोजित राष्ट्रीय स्वास्थ्य और पोषण परीक्षा सर्वे से 18 वर्ष और उससे अधिक आयु के 40,725 वयस्कों के आहार और स्वास्थ्य डाटा का अध्ययन किया।

इसमें लेखकों ने लाइफस्टाइल वैलिडेशन स्टडी के महिला और पुरुष दोनों संस्करणों से 1,463 वयस्कों के एक उपसमूह को भी शामिल किया, जिन्होंने एक सप्ताह का आहार रिकॉर्ड पूरा किया था और इसमें कैफीनयुक्त और बिना कैफीन वाले पेय शामिल थे।

सुबह के समय कॉफी पीने से इन चीजों का खतरा होगा कम

अध्ययन के लेखकों ने आहार रिकॉर्ड के साथ समय को तीन अवधियों में शामिल किया था, जिसमें सुबह 4 बजे से 11:59 बजे तक, दोपहर 12 बजे से शाम 04:59 बजे तक और शाम 5 बजे से सुबह 03:59 बजे थे।

इससे लेखकों ने पाया कि सुबह के समय कॉफी पीने से समय से पहले मृत्यु का जोखिम 16 प्रतिशत कम होता है और हृदय रोग से मरने का जोखिम 31 प्रतिशत तक कम होता है।

निष्कर्ष के लिए लेखकों ने इन कारकों पर दिया ध्यान

लेखकों का कहना है कि पूरे दिन कॉफी पीने वालों में ये जोखिम कम नहीं दिखे। इस निष्कर्ष तक पहुंचने के लिए लेखकों ने नींद के घंटे, उम्र, लिंग, पारिवारिक आय, शिक्षा, शारीरिक गतिविधि के स्तर, आहार समेत मधुमेह, उच्च रक्तचाप और उच्च कोलेस्ट्रॉल आदि स्वास्थ्य स्थितियों जैसे कारकों को ध्यान में रखा है।

हालांकि, कॉफी पीने वाले रोजाना सिर्फ एक कप कॉफी पीएं, तभी उससे आपको भरपूर फायदे मिलेंगे।

पाताल लोक 2 का टीजर जारी

पाताल लोक सीजन 2 का मोस्ट अवेटेड टीजर रिलीज कर दिया गया है. जिसमें फैंस को जयदीप अहलावत के कैरेक्टर की एक झलक मिली. पुलिस ऑफिसर के रोल के लिए पहचाने जाने वाले हाथी राम को नए सीजन में और भी गहरे और खतरनाक वास्तविकताओं का सामना करना पड़ेगा है, जो अपराध, साजिश और भ्रष्टाचार की दुनिया में गहराई से उतरने का वादा करता है. पहले सीजन का प्रीमियर मई 2020 में हुआ जो अहलावत के शानदार प्रदर्शन और अपनी गहरी कहानी के चलते दर्शकों के बीच बहुत फेमस हो गया और दर्शक तब से ही दूसरे सीजन का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे.तो खेल खत्म, ऐसा थोड़ा ना होता है पाताल लोक में.पाताल लोक 2 के टीजर में हमें जयदीप अहलावत के कैरेक्टर को देखने का मौका मिलता है. जिसमें वह लिफ्ट में जाते हुए कहते हैं, एक कहानी सुनाऊं, एक गांव मे एक आदमी रहता था जिसे कीड़ों से नफरत थी, कहता था सारी बुराईयों की जड़ कीड़े हैं. फिर एक दिन उसके घर के कोने से एक कीड़ा निकला जिसने उस आदमी को काट लिया. लेकिन हिम्मत करके उस आदमी ने उस कीड़े को मार दिया. बस फिर क्या था बंदा पूरे गांव का हीरो बन गया सबने उसे सर आंखों पर बैठा लिया. अगली कई रातें वह चैन से मुस्कुराते हुए सोया. फिर एक सुनसान रात में उसके बिस्तर के नीचे अनगिनत कीड़े थे. उसे क्या लगा था एक कीड़े को मार दिया.

इसके बाद टीजर खत्म हो जाता है लेकिन टीजर में जयदीप का लुक काफी खतरनाक है जो दर्शकों के बीच एक्साइटमेंट बढ़ा दी है.

दांतों को प्लाक और कैविटी जैसी समस्याओं से दूर रखने के लिए अपनाएं ये 5 तरीके

दांतों के स्वास्थ्य पर ध्यान देना रोजमर्रा के जीवन का अहम हिस्सा होना चाहिए। स्वस्थ दांत हमारे संपूर्ण स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव डालते हैं। इनकी देखभाल में सही तरीके से ब्रश करना, माउथवॉश का उपयोग, चीनी का सेवन कम करना, डेंटिस्ट के पास नियमित जांच कराना और धूम्रपान व तंबाकू छोड़ना शामिल है।

इन उपायों को अपनाकर आप अपने दांतों को लंबे समय तक स्वस्थ रख सकते हैं और अपनी मुस्कान को चमकदार बनाए रख सकते हैं।

सही तरीके से ब्रश करें

दांतों की सफाई के लिए सही तरीके से ब्रश करना बहुत जरूरी है।

दिन में कम से कम दो बार, सुबह और रात को सोने से पहले ब्रश जरूर करें। ब्रश करते समय ध्यान रखें कि आप हल्के हाथों से गोल-गोल घुमाते हुए ब्रश करें ताकि मसूड़ों को नुकसान न पहुंचे।

टूथपेस्ट में फ्लोराइड होना चाहिए क्योंकि यह दांतों की सुरक्षा करता है और कैविटी बनने से रोकता है।

माउथवॉश का उपयोग करें

माउथवॉश का उपयोग करने से मुंह की दुर्गंध दूर होती है और बैक्टीरिया खत्म होते हैं।

माउथवॉश आपके मुंह के उन हिस्सों तक पहुंचता है जहां ब्रश नहीं पहुंच पाता। इसे रोजाना इस्तेमाल करने से मसूड़ों की सूजन कम होती है और सांसें ताजा रहती हैं।

ध्यान दें कि माउथवॉश का चयन करते समय उसमें अल्कोहल न हो क्योंकि यह मुंह को सूखा बना सकता है।

चीनी का सेवन कम करें

चीनी हमारे दांतों के लिए हानिकारक होती है क्योंकि यह कैविटी पैदा करती है और दांतों को बाहरी परत को कमजोर कर सकती है।

मीठे पेय पदार्थ, चॉकलेट या मिठाइयों का सेवन सीमित मात्रा में ही करें।

अगर आप चीनी खाते भी हैं तो उसके बाद पानी पीकर मुंह साफ कर लें या फिर तुरंत ब्रश कर लें ताकि चीनी आपके दांतों पर ज्यादा देर तक न रहे और कैविटी का खतरा कम हो सके। नियमित रूप से डेंटिस्ट के पास जाएं

हर छह महीने में एक बार डेंटिस्ट के पास जाकर अपने दांतों की जांच करवाना बहुत जरूरी होता है। इससे किसी भी समस्या का पता जल्दी चल जाता है और समय रहते उसका इलाज किया जा सकता है।

डेंटिस्ट आपकी ओरल हाइजीन को बेहतर बनाने के सुझाव भी देते हैं, जिससे आप अपने दांत लंबे समय तक स्वस्थ रख सकते हैं।

इसके अलावा नियमित जांच से दांतों की सफाई और मसूड़ों की सेहत पर ध्यान दिया जा सकता है।

धूम्रपान और तंबाकू उत्पाद छोड़ें

धूम्रपान और तंबाकू आपके दांतों को पीला कर देते हैं और मसूड़ों की बीमारियां पैदा कर सकते हैं। इनका सेवन छोड़ने से न केवल आपके दांत बल्कि पूरे शरीर पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

अगर आपको इन आदतों को छोड़ने में कठिनाई हो रही हो तो किसी विशेषज्ञ या डॉक्टर की सलाह लें ताकि आप इन्हें आसानी से छोड़ सकें।इन उपायों को अपनाकर आप अपने दांतों को लंबे समय तक स्वस्थ रख सकते हैं।

रिलीज से पहले टॉक्सिक ने पुष्पा 2 को पछाड़ा, 24 घंटे के अंदर सबसे ज्यादा बार देखा गया यश की फिल्म का टीजर

केजीएफ स्टार यश अपनी अगली फिल्म टॉक्सिक की रिलीज के तैयार है. 8 जनवरी को यश के बर्थडे पर मेकर्स ने फिल्म से उनका फर्स्ट लुक जारी किया और उन्हें बर्थडे विश किया. यश का नया लुक लोगों को काफी पसंद आया. टॉक्सिक के ग्लिम्प्स ने 24 घंटे अंदर ही अल्लू अर्जुन स्टारर पुष्पा 2: द रूल को पीछे छोड़कर एक नया रिकॉर्ड बनाया. उम्मीद की जा रही है कि फिल्म रिलीज के बाद भी कई रिकॉर्ड बनाएगी.टॉक्सिक की ग्लिम्प्स ने 13 घंटे में पुष्पा 2 के व्यूज को पीछे छोड़ते हुए 50 मिलियन का आंकड़ा पार कर लिया. फिल्म इंडस्ट्री ट्रैकर मनोबाला विजयनबालन ने टॉक्सिक ग्लिम्प्स को लेकर अपने ऑफिशियल एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें लिखा है, यश स्टारर टॉक्सिक ने अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2 को पछाड़कर पहले 24 घंटों में सबसे ज्यादा देखी गई इंडियन ग्लिम्प्स बन गई है.केवीएन प्रोडक्शंस के यूट्यूब चैनल पर टॉक्सिक की ग्लिम्प्स को 24 घंटे में 3 करोड़ 60 लाख व्यूज मिल चुके हैं. इसे 5 लाख 51 हजार लाइक्स मिल चुके हैं. इसे भारतीय सिनेमा जगत में नया रिकॉर्ड बताया जा रहा है. इससे पहले फिल्म पुष्पा 2 की ग्लिम्प्स को 24 घंटे में 2 करोड़ 70 लाख व्यूज मिले थे. टॉक्सिक की ग्लिम्प्स ने इसे महज 13 घंटे में पार कर लिया.

बॉडीकॉन ड्रेस पहने अमायरा दस्तूर ने बिखेरा हुस्न का जलवा, लेटेस्ट फोटोज देख फैंस हार बैठे दिल

बॉलीवुड अभिनेत्री अमायरा दस्तूर हमेशा अपने फैशन स्टेटमेंट्स के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। उनका कातिलाना अवतार इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। हालांकि फैंस भी उनके हर एक लुक को देखकर अपनी नजरें उन पर से हटाने का नाम नहीं लेते। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन फोटोज में उनका सेक्सी अवतार देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं।

अमायरा दस्तूर आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस को दीवाना बनाती रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंटरनेट पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं।

हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन फोटोज में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं।

इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने सिंगल डोरी पर टिकी फ्लोरल वनपीस ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो बेहद ही गॉर्जियस नजर आ रही हैं।

खुले बाल, कानों में इयररिंग्स और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस अमायरा दस्तूर ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।

फोटोज में आप देख सकते हैं अमायरा दस्तूर अपना परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट करती हुई कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक कातिलाना पोज दे रही हैं।

अमायरा दस्तूर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है।

द रोशंस का ट्रेलर जारी, दिखे परिवार के सपने और ताकत

शशि रंजन को-प्रोड्यूस-डायरेक्टेड, राकेश रोशन प्रोड्यूस डॉक्यू सीरीज 'द रोशन्स' का 17 जनवरी को नेटफ्लिक्स पर प्रीमियर होगा। इसमें रोशन परिवार के जीवन के उतार-चढ़ावों और सफलता को दिखाया जाएगा। रोशन परिवार के सबसे चर्चित सितारे ऋतिक रोशन हैं। हाल ही में इस सीरीज का ट्रेलर लॉन्च हुआ है, जिसकी शुरुआत ऋतिक रोशन से होती है, वह अपने परिवार की कहानी सुनाते हुए नजर आते हैं।

डॉक्यू सीरीज 'द रोशन्स' ट्रेलर की शुरुआत रोशन लाल नागरथ के बनाए बेहतरीन क्लासिक्स गीतों से होती है। ऋतिक रोशन उनके पोते हैं। ऋतिक सीरीज में अपने दादा जी गीत सुनते हुए, उनको याद करते हैं। ऋतिक रोशन के पिता भी हिंदी फिल्मों के जाने-माने अभिनेता रहे, साथ ही उन्होंने प्रोड्यूसर, डायरेक्टर के तौर पर भी कई बेहतरीन फिल्में बनाई हैं। वहीं राजेश रोशन, जो कि ऋतिक के चाचा हैं, वे भी हिंदी सिनेमा में एक उम्दा म्यूजिक डायरेक्टर हैं।

शब्द सामर्थ्य -293

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. समाप्ति, खात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

ऊपर से नीचे

1. शरीर का कोई भाग, शरीर 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. वोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबास, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थिति प्रसिद्ध जेल।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 292 का हल

वा	स्ता			सि	स	की		
जि		ल	प	ट		मा	चि	स
ब	द	ला		क			ल	
		ट		नी	ल	क	म	ल
ता	ली		का		की			हू
क		स	रो	का	र			लू
झां		ज	बा	न		म	सी	हा
क	च	ना	र		भा	र्या		न
	र्म			ज	र	दा		

फर्जी कॉल व ऑनलाइन ठगी से बचने के लिए रहें सतर्क

कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने साइबर अपराधों से बचने के दिए टिप्स

कोरिया। डिजिटल युग में ऑनलाइन ठगी और साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। आए दिन लोग फिशिंग, मोबाइल से कम समय में अधिक पैसे देने की लालच, मोबाइल में बच्चों के अपराध में संलिप्त होने की गलत जानकारी, आधार नम्बर, पेन नम्बर, ओटीपी नम्बर मांगने, नकली ऑफर्स और वीडियो वेरिफिकेशन स्कैम आदि का शिकार हो रहे हैं।

आज विकासखण्ड मुख्यालय सोनहत के सामुदायिक भवन में आयोजित जिला स्तरीय मेगा बैंक लिंकेज एवं क्रेडिट कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने मोबाइल से ठगी व ऑनलाइन फ्रॉड से आम लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी। कलेक्टर ने कहा कि अपराधियों द्वारा ठगने के नए-नए तरीके अपनाते हैं और इससे बचने के लिए आपके पास सही जानकारी होना आवश्यक है। उन्होंने कहा मोबाइल में आए दिन आधार नम्बर, केवाईसी, पेन नम्बर, ओटीपी, खाता नम्बर आदि जानकारी मांगते हैं और उत्सुकतावश या गलती से दे देते हैं और आपके खातों से जमा की गई रकम तुरंत निकाल लेते हैं, जबकि कोई भी बैंक इस तरह से जानकारी नहीं लेते, ऐसे समय में सावधानी बहुत जरूरी है।

जिला पंचायत के सीईओ डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि ''नजर हटी और दुर्घटना घटी'', वाली कहावत ठगी करने वालों ने अपनाया है। इसलिए सावधानी पूर्वक मोबाइल का उपयोग करें, ऑनलाइन ठगी से बचें और नहीं समझ आने पर किसी जानकार से पूछकर मोबाइल, ऑनलाइन का उपयोग कर सकते हैं।

विशेषज्ञों के अनुसार, ठग अब मोबाइल सेवा नवीनीकरण, केवाईसी अपडेट और वीडियो वेरिफिकेशन जैसे बहानों से लोगों को फंसाने की कोशिश कर रहे हैं। कई बार ये अपराधी नकली वेबसाइट्स बनाकर पीड़ितों को उनकी संवेदनशील जानकारी साझा करने के लिए मजबूर कर देते हैं। किसी भी अनजान व्यक्ति या वेबसाइट को अपनी बैंक डिटेल्स, ओटीपी या पासवर्ड न दें। वेबसाइट के ऋकी जांच करें। केवल द्धह्लह्लश्चह्ल और ह्य१.द्बठ्ठ जैसी पहचान वाले पते पर भरोसा करें।संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें। मजबूत पासवर्ड और टू-स्टेप ऑथेंटिकेशन (2स्न) का उपयोग करें।यदि कोई संदिग्ध कॉल या मैसेज आए, तो उसे अनदेखा करें। यदि आप ऑनलाइन धोखाधड़ी के शिकार हो गए हैं, तो तुरंत साइबर क्राइम, स्थानीय पुलिस थाना में जानकारी दें। त्योहारों के समय में साइबर अपराधी नकली ऑफर्स और लॉटरी जैसे प्रलोभनों के जरिए लोगों को फंसाने की कोशिश करते हैं। ऑनलाइन खरीदारी करते समय केवल आधिकारिक और विश्वसनीय प्लेटफॉर्म का ही उपयोग करें। बैकुण्ठपुर स्थित स्टेट बैंक के मुख्य प्रबंधक ने भी मोबाइल व ऑनलाइन ठगी से बचने के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने कहा लोगों को अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा करने से बचना चाहिए और साइबर धोखाधड़ी, जैसे संदिग्ध कॉल या ईमेल पर प्रतिक्रिया नहीं देनी चाहिए। सतर्कता ही सबसे बड़ा बचाव है। बता दें सरकार और साइबर एजेंसियां लगातार नागरिकों को जागरूक करने का प्रयास कर रही हैं। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि जागरूक रहें और साइबर अपराधियों के जाल में फंसने से बचें।

कलेक्टर ने हितग्राही-बैंकर्स के बीच बेहतर समन्वय पर दिया जोर

कोरिया। जिलास्तरीय मेगा बैंक लिंकेज एवं क्रेडिट कैंप का आयोजन सोनहत विकासखंड मुख्यालय के सामुदायिक भवन में किया गया।

इस कार्यक्रम का आयोजन सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के सहयोग से हुआ, जिसमें जिले के विभिन्न शासकीय, अशासकीय, निजी बैंक के प्रतिनिधि शामिल हुए। शिविर का शुभारंभ कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी, जिला पंचायत के सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में किया गया। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने इस मौके पर हितग्राहियों और बैंक प्रतिनिधियों से कहा कि 'बैंक और लाभार्थियों के बीच बेहतर समन्वय होना आवश्यक है ताकि समय पर ऋण अदायगी हो सके और भविष्य में सहयोग जारी रहे। उन्होंने कहा प्रत्येक व्यक्ति, परिवार, समाज को आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में आगे बढ़ना होगा। स्वरोजगार या उद्यमशीलता को अपनाना होगा तभी जिला व प्रदेश विकास की मुख्यधारा में जुड़ सकेगा। उन्होंने कहा कि शिविर का उद्देश्य हर व्यक्ति को सशक्त करना है, गरीबी से हटाकर बेहतर जीवन प्रदान करना है, आत्मनिर्भर बनाना है। कलेक्टर ने लखपति दीदियों के अनुभव सुनकर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि इस सुदूर और आदिवासी बहुल जिले की महिलाएं काफी मेहनती हैं और इन दीदियों से साबित करके भी दिखा दिया है, जो अन्य लोगों के प्रेरणादायी है। कार्यक्रम में 21 करोड़ 30 लाख रुपए का ऋण स्वीकृत किया गया। जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने कहा कि समाज में परिवर्तन तभी संभव है जब व्यक्ति सक्रिय रूप से कार्य करे। उन्होंने सभी उपस्थित महिलाओं को प्रेरित किया कि वे इस शिविर से अधिकतम लाभ उठाएं ताकि वे और उनके परिवार आर्थिक रूप से और सशक्त हो सकें। सोनहत निवासी श्रीमती आरती काशी और श्रीमती शबनम ने लखपति दीदी बनने के सफर को साझा करते हुए ऋण लिया और एक ने किराना दुकान शुरू किया और कपड़े दुकान शुरू किया। इस तरह उनके परिवार आर्थिक रूप से पहले मजबूत हुआ है। विकासखण्ड मुख्यालय सोनहत में बिहान केंटीन शुरू करने वाली श्रीमती सुनीता साहू ने बताया उन्हें आमदनी ठीक मिलने लगी है, जिससे उनके आत्मविश्वास बढ़ा है। एलडीएम श्री प्रमोद घाटिया ने शासन की विभिन्न योजनाओं के लाभ उठाने की जानकारी बैंक ऋण कैम्प के माध्यम से हितग्राहियों को दी। कार्यक्रम में बैंक अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया और लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत जिले में आयोजित किये जा रहे है जागरूकता कार्यक्रम

सूरजपुर। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने एवं आम जनमानस में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाये जाने के उद्देश्य से जिले में 01 जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2025 तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। जिसके तहत जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी के अंतर्गत भटगांव में पुलिस विभाग व एसईसीएल के सीजन्य से यातायात एवं साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया था। जिसमें कलेक्टर एस जयवर्धन के मुख्य आतिथ्य एवं एस पी ठाकुर के विशेष आतिथ्य में यातायात एवं साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान साउथ ईस्टर्न कोल्ड फील्ड के जनरल मैनेजर दिलीप उपस्थित थे ।

सूने मकान से नकदी सहित 4 लाख का माल पार

रायपुर। हर्ष विहार दलदल सिवनी स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी डेढ़ लाख सहित सोने-चांदी का जेवर पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर मोवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी बी.पी. बंजारे 66 वर्ष हर्ष विहार दलदल सिवनी का रहने वाला है। प्रार्थी ने मोवा थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके घर के सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे नकदी डेढ़ लाख सहित सोने-चांदी का जेवर पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 4 लाख रुपए के आसपास बताई जा रही है।

निलंबित कर्मचारी ने किया 19 लाख से अधिक का गबन

रायपुर। संचालनालय कर्मचारी राज्य बीमा सेवाएं नवा रायपुर में एक निलंबित कर्मचारी ने 19 लाख से अधिक का गबन करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर राखी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी जयोंति सिंह 61 वर्ष ने ने राखी थाना में शिकायत किया कि आरोपी डॉ. राजेश डेमन ने संचानलाय कर्मचारी राज्य बीमा सेवाएं में बीमा चिकित्सा पदाधिकारी के पद पर कार्यरत था।

सभापति राजेश यादव कर रहे लगातार जरूरतमंदों को कंबल का वितरण

रामानुजगंज। जिला पंचायत के सभापति राजेश यादव के द्वारा पूरे ठंड के मौसम में साल एवं कंबल का लगातार वितरण कर रहे हैं उनके द्वारा विगत कई वर्षों से कड़ाके के ठंड में कंबल एवं साल का वितरण लगातार किया जा रहा है। जिला पंचायत के सभापति राजेश यादव अपने वाहन में हमेशा कंबल एवं साल भर रहते हैं जहां भी उन्हें जरूरतमंद व्यक्ति दिखाई देता है तत्काल उसे आवश्यकता के अनुसार कंबल एवं साल देते हैम उन्होंने बताया कि विगत कई वर्षों से मेरे द्वारा कंबल एवं साल कड़ाके की ठंड में वितरण करते आ रहा हूं। मेरा सौभाग्य है कि मैं लोगों की मदद कर पा रहा हू। उन्होंने कहा कि अपने क्षेत्र में कोई भी कड़ाके की ठंड में बिना कंबल के न सोए ऐसा मेरा प्रयास रहता है।

दिव्यांग प्रमाण पत्र के लिये जिले के वेबसाइट से करें रजिस्ट्रेशन

सूरजपुर। सूरजपुर जिला प्रशासन द्वारा अभिनव पहल करते हुए दिव्यांग जनों को सुविधा प्रदान करते हुए, जिला सूरजपुर के ऑफिशियल वेबसाइट पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की सुविधा प्रदान की गई है। जिसके तहत दिव्यांगजन सूरजपुर जिले की ऑफिशियल वेबसाइट ह्वह्लड्डद्धश्चह्लह्ल.द्गद्ध.ह्वठ्ठ पद पर कनेकर कर ''दिव्यांग प्रमाण पत्र'' आवेदन हेतु निर्मित सेक्शन में जाकर प्रमाण पत्र के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदक को रजिस्ट्रेशन फॉर्म में कुछ वांछित जानकारियां दर्ज करनी होगी। सफलतापूर्वक फॉर्म सबमिट करने के पश्चात बुधवार को जिला चिकित्सालय में आधार कार्ड, फोटो व अन्य वांछित दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर आवेदक दिव्यांगजन प्रमाण पत्र हेतु अग्रिम कार्यवाही पूर्ण कर अपना प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकता है। ऑनलाइन दर्ज 15 आवेदकों को एक दिन पूर्व सूचना भी दी जाएगी ताकि दिव्यांगजनों का प्रमाण पत्र सुगमता पूर्वक निर्मित हो सकें।

एमपी व यूपी निर्मित शराब के साथ एक गिरफ्तार

बलरामपुर। संभागीय आबकारी उड़नदस्ता सरगुजा की टीम ने बलरामपुर जिले के गोंदला निवासी एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से मध्य प्रदेश और यूपी निर्मित शराब जप्त किया गया है। मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया गया है। बता दें कि उपायुक्त आबकारी विजय सेन शर्मा के मार्गदर्शन में तथा सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता के नेतृत्व में आबकारी उड़नदस्ता टीम लगातार कार्यवाही कर रही है। शुक्रवार को उड़नदस्ता की टीम जब बलरामपुर जिले के दौरे पर थी इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि बसंतपुर थाना अंतर्गत ग्राम गोंदला निवासी अशरफी लाल गुप्ता अपने घर से अन्य राज्य की शराब का विक्रय कर रहा है। सूचना पर तत्काल उड़नदस्ता की टीम रंजीत गुप्ता के नेतृत्व में अशरफी लाल गुप्ता के घर छापामार कार्रवाई की। अशरफी लाल गुप्ता के घर की तलाशी में मध्य प्रदेश की लेबल लगी 29 पौवा गोवा व्हिस्की तथा उत्तर प्रदेश की लेबल लगी मैकडॉवेल नंबर वन व्हिस्की का 29 पाव कुल 10.44 लीटर अन्य राज्य की मदिरा तथा महुआ शराब 8 लीटर मिला जिसे जप्त कर लिया गया। मामले में आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)34(2) 36 एवं 59 (क) के तहत अपराध पंजीकृत कर आरोपी को न्यायालय रामानुजगंज में पेश किया गया जहां से जेल दाखिल किया गया। वहीं एक अन्य मामले में थाना त्रिकूंडा अंतर्गत ग्राम डिंडो निवासी गणेश ठाकुर के कब्जे से मध्य प्रदेश निर्मित 20 नग गोवा व्हिस्की पाव जप्त कर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

जिला पंचायत सीईओ ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

सूरजपुर। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत बाइक रैली को संयुक्त जिला कार्यालय सूरजपुर से शुरू कर जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू एवं अपर कलेक्टर श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रैली में लोगों ने हेलमेट पहनकर सड़क सुरक्षा को लेकर भी लोगों को जागरूक किया। इस दौरान पुलिस, यातायात,शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

जिला पंचायत सीईओ श्रीमती साहू ने कहा कि नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर लोगों को शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक करने के लिए इस रैली का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि मतदान करना प्रत्येक मतदाता का अधिकार है। इसके माध्यम से ही वह अपनी आवाज शासन तक पहुंचा सकता है इसलिए सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। जागरुकता बैनर लेकर सयुक्त जिला कार्यालय से शुरू हुई जागरूकता रैली का समापन अग्रसेन स्टेडियम ग्राउंड सूरजपुर में किया गया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ द्वारा सड़क मतदाताओ को जागरूक करते हुए शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ भी दिलाई। इस बाईक रैली के माध्यम से बाइक सवारों द्वारा हेलमेट पहनकर अपनी सुरक्षा का संदेश भी दिया है। गौरतलब है कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने एवं आम जनमानस में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाये जाने के उद्देश्य से परिवहन विभाग द्वारा 01 जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2025 तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत राज्य भर में सड़क सुरक्षा जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिले भर में लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक कराया जा रहा है।

मतदाता जागरूकता अभियान का किया गया आयोजन

सूरजपुर। शासकीय नवीन महाविद्यालय चांदनी बिहारपुर में स्वीप गतिविधि के अंतर्गत 9 जनवरी को रंगोली प्रतियोगिता के माध्यम से युवा उत्सव कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें स्वीप प्रोफेसर नोडल और रासेयो कार्यक्रम अधिकारी धीरेंद्र कुमार जायसवाल के द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया।

क्रिकेट कमेंटेटर किडनी की गंभीर बीमारी से ग्रसित, पत्नी के की इलाज के लिए मदद कि अपील

बलरामपुर। रामानुजगंज सनवाल क्षेत्र की सुप्रसिद्ध एवं लोकप्रिय क्रिकेट कमेंटेटर मोहम्मद सलाम आजाद किडनी की गंभीर बीमारी से जूझ रहे है। इलाज में काफी खर्च हो रहा है परंतु घर की ऐसी आर्थिक स्थिति नहीं है इलाज करा सके उनकी पत्नी ने लोगों से आर्थिक मदद की अपील की है। ग्राम सनवाल निवासी मोहम्मद सलाम आजाद उम्र 45 वर्ष विगत 5 वर्ष पहले लकवा ग्रस्त हो गए थे। इलाज के बाद हुए स्वस्थ तेजी से हो रहे थे वही कोरोना काल के दौरान नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच करने नहीं जा पाए। विगत दिनों जब तबीयत खराब हुआ तो स्वास्थ्य जांच कराया तो पता चला की किडनी खराब हो गया है। जिससे सप्ताह में 3 दिन डायलिसिस करना पड़ रहा है। इलाज में काफी खर्च हो रहा है परंतु आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय है। मोहम्मद सलाम आजाद का सनवाल चौक में छोटा सा किराना दुकान है जिससे आजीविका चल रही थी। गंभीर बीमारी से आजीविका चलाना मुश्किल हो रहा है दूसरी ओर गम्भीर बीमारी में इलाज में काफी पैसा खर्च हो रहा है। मोहम्मद सलाम आजाद के 3 वर्ष एवं 5 वर्ष के दो मासूम बेटे हैं। पत्नी शहनाज बेगम ने इलाज में मदद की अपील लोगों से की है यदि कोई मदद करना चाहे तो उनके फोन पे नंबर 8847 883687 में पैसा डाल सकते हैं।

विभिन्न विद्यालयों में 8 दिवसीय एआई और चैट जीपीटी कार्यशाला का किया गया आयोजन

सूरजपुर। जिला प्रशासन द्वारा नवाचारी पहल के तहत 8 दिवसीय ए,आई. (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) और चैट जीपीटी कार्यशाला का आयोजन जिले के 8 विभिन्न स्कूलों सेजेस नवापारा, सूरजपुर, सेजेस प्रेमनगर, सेजेस प्रतापपुर, सेजेस चेंद्रा, सेजेस भैयाथान, सेजेस भुवनेश्वरपुर, सेजेस बातरा और सेजेस जयनगर में किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को भविष्य की तकनीकों के प्रति जागरूक करना और उनकी तकनीकी क्षमता को सशक्त बनाना है। इस कार्यशाला का संचालन जीआर टेक्नो इंडिया द्वारा शिक्षा विभाग, सूरजपुर के लिए किया गया। कार्यक्रम का वित्तीय समर्थन ''एसईसीएल'' (साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड) द्वारा सीएसआर पहल के तहत किया गया। कार्यशाला में छात्रों को ए,आई. और चैट जीपीटी के उपयोग, संभावनाओं और इसके व्यावहारिक अनुप्रयोगों के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। यह कार्यशाला नई तकनीकों के प्रति छात्रों की रुचि बढ़ाने और उन्हें डिजिटल युग के लिए तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जिला प्रशासन और स्थानीय शिक्षण संस्थानों ने इस कार्यशाला को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग दिया।

पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) के लिए ऑनलाईन पंजीयन की तिथि में वृद्धि

सूरजपुर। छत्तीसगढ़ राज्य के संचालित समस्त शासकीय/अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पॉलीटेक्निक एवं आई.टी.आई आदि के प्राचार्य/संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं उनमें अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ वर्ग के विद्यार्थियों जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते है, को सूचित किया गया है कि शिक्षा सत्र 2024-25 हेतु ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के पंजीयन स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाइट पर ऑनलाइन की जा रही है। इसके साथ ही विद्यार्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन हेतु (नवीन एवं नवीनीकरण) 01 से 31 जनवरी तक, ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक करने हेतु 01 जनवरी से 15 फरवरी 2025 तक एवं सैंक्शन ऑर्डर लॉक करने हेतु 01 जनवरी से 28 फरवरी तक तिथियों निर्धारित की गई हैं।

आयुष्मान आरोग्य मंदिर शिवपुर को राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाण पत्र प्राप्त

कोरिया। जिले के आयुष्मान आरोग्य मंदिर शिवपुर ने राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) के तहत असाधारण प्रदर्शन कर 84.3 प्रतिशत स्कोर के साथ राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाणपत्र हासिल किया है। यह प्रमाणपत्र 10 जनवरी 2025 को प्रदान किया गया, जिससे यह स्वास्थ्य संस्थान उत्कृष्ट सेवाओं और गुणवत्ता मानकों की मिसाल बन गया। इस सफलता का श्रेय जिले की कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के कुशल निर्देशन को जाता है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ प्रशान्त सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ अशरफ अंसारी ने भी इस सराहनीय नेतृत्व किया है। 23 दिसंबर 2025 को राष्ट्रीय स्तर के अधिकारी डॉ. ज्योति भारती और डॉ. यूनुस मुस्ताक द्वारा संस्थान का मूल्यांकन किया गया। इस दौरान 12 विभागों के साथ-साथ राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों और संस्थान में दी जाने वाली सेवाओं का विस्तृत आंकलन किया गया। मूल्यांकन में आयुष्मान आरोग्य मंदिर की स्टाफ टीम, जिले की क्वालिटी टीम, ब्लॉक स्तर की टीम और क्षेत्र की मितानिनों ने सक्रिय भूमिका निभाई। यह सामूहिक प्रयास संस्थान को इस बड़ी उपलब्धि तक पहुंचाने में सहायक रहा।

यह उपलब्धि कोरिया जिले के लिए एक और गौरवशाली क्षण है। इससे पहले मनसुख आयुष्मान आरोग्य मंदिर, सराय गाना और पीएचसी भी एनक्यूएएस मानकों के तहत राष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणित हो चुके हैं। वर्तमान में शिवपुर आयुष्मान आरोग्य मंदिर ने भी 84.3 प्रतिशत स्कोर के साथ अपनी जगह बनाई है। यह प्रमाणपत्र यह दर्शाता है कि स्वास्थ्य संस्थान एसओपी (स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर) के अनुरूप काम कर रहे हैं और नागरिकों को उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

228 दो पहिया व 12 चार पहिया लावारिश व अदावाकृत वाहनों की नीलामी

सूरजपुर। जिले में पुलिस ने जप्त व लावारिश वाहनों की नीलामी की। लावारिश व अदावाकृत वाहनों के नीलामी की प्रक्रिया विधिवत् जल्द पूर्ण कराने के निर्देश आईजी सरगुजा रेंज श्री अंकित गर्ग के द्वारा दिए थे। जिसके परिपालन में सूरजपुर पुलिस द्वारा 228 दो पहिया वाहन व 12 चार पहिया वाहनों की नीलामी जिला दण्डाधिकारी सूरजपुर के द्वारा गठित टीम के द्वारा की गई। इस नीलामी में कुल 48 निविदा फार्म प्राप्त हुए थे। नीलामी से शासन को कुल 5 लाख रूपये का राजस्व मिला।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो की अध्यक्षता व डिप्टी कलेक्टर चांदनी कंवर सहित गठित टीम के सदस्यों की मौजूदगी में जिला सूरजपुर के विभिन्न थाना व चौकियों में लंबे समय से रखे लावारिश व अदावाकृत मोटर सायकलों व 4 पहिया वाहनों को रक्षित केन्द्र परिसर में एकत्रित किया गया था। बुधवार, 08 जनवरी 2025 को रक्षित केन्द्र ग्राउण्ड में आयोजित नीलामी कार्यवाही में जिला सहित दिगर जिलों के 48 बोलीकर्ता उपस्थित हुए जो बढ़-चढ़कर हिस्सा लिए, अम्बिकापुर के रॉयल स्टील के प्रोपराईटर मो. बाबर के द्वारा 228 दो पहिया वाहन के लिए सबसे अधिक राशि 4 लाख 25 हजार रूपये एवं 12 चार पहिया वाहनों के लिए 75 हजार रूपये कुल 240 वाहनों के एवज में 5 लाख रूपये की बोली आई। इस नीलामी कार्यवाही में सीएसपी एस.एस.पैंकरा, जप्ती माल निराकरण के नोडल डीएसपी रितेश चौधरी, रक्षित निरीक्षक अशोक गिरी, आरटीओ निरीक्षक मोहम्मद आबिद खान, पीडब्ल्यूडी एसडीओ ईएंडएम नरेश कुमार बड़ा, आरटीआई प्रशिक्षण अधीक्षक विजय साहू सहित निविदाकर्तागण मौजूद रहे।

फ्लोरा मैक्स पीड़िताओं से रात को झूमाझटकी के बाद पुलिस ने हटाया मौके से, लगे आरोप

कुछ महिलाओं को आई चोटें, प्रदर्शन फिर शुरू

कोरबा। वर्ष 2025 का शुरुआती दौर पुलिस के लिए कांटों भरा सफर साबित होता नजर आ रहा है। आदर्श विहार में सराफा कारोबारी की हत्या और लूट के मामले में नतीजों से दूर पुलिस के सामने बड़ी चुनौती फ्लोरा मैक्स की ठगी को लेकर बनी हुई हैं। बड़ी संख्या में महिलाएं कर्ज माफी को लेकर तानसेन चौराहे पर अनशन कर रहीं हैं। पिछली शाम पुलिस ने इन्हें हटाने की नाकाम कोशिश की और कुछ घंटे बाद फिर ऐसा ही सिलसिला दोहराया। इस दौरान दोनों के बीच झूमाझटकी हुई। कुछ महिलाओं को चोट आई। कांग्रेस ने इस मामले को महिलाओं के खिलाफ पुलिस का सख्ती प्रदर्शन कहा है।

कोरबा के सिविल लाइन पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत बालकोनगर रोड पर तानसेन चौराहा में फ्लोरा मैक्स पीड़िताओं ने चार दिन से प्रदर्शन जारी रखा है। अलग-अलग आयाम से जोड़कर महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का झांसा देकर फ्लोरा मैक्स ने उन्हें जोड़ा। दावा है कि 40 हजार से अधिक महिलाओं ने जोखिम लेते हुए उसके साथ नाता जोड़ा और जिले में काम कर रही अनेक माइक्रो फायनेंस कंपनियों की वे कर्जदार बन गईं। उन पर लाखों का कर्ज चढ़ गया है। जबकि फ्लोरा के संचालक और टॉप-10 लीडर्स सहित कई जेल की हवा खा रहे हैं। इसके साथ ही कर्जदारों से वसूली के लिए माइक्रो फायनेंस कंपनियां दबाव बनाए हुए हैं। इस बीच आत्महत्या की घटनाएं भी हुई हैं। परेशान महिलाओं ने कर्ज माफी को लेकर सरकार पर दबाव बनाया है। उनका हालिया प्रदर्शन इसी पर केंद्रित है। चुनावी दौर में यह सरकार और प्रशासन दोनों के लिए संकट बना हुआ है। तानसेन चौराहे पर अनशन कर रहे महिलाओं को हटाने के लिए पिछली शाम पुलिस ने कोशिश की लेकिन उनके विरोध के आगे नाकाम रहीं। बाद में रणनीतिक रूप से रात्रि 10 बजे के आसपास सीमित बल के साथ पहुंची पुलिस ने यहां ताकत दिखाई। अचानक पुलिस के यहां पहुंचने से महिलाएं आक्रोशित हो गईं। खबर के अनुसार इस दौरान जमकर झूमाझटकी हुई। इसी समय 4-5 महिलाओं को यह कहकर एंबुलेंस में जबरजस्ती अस्पताल भेज दिया गया कि उनकी तबीयत ठीक नहीं है। इस मुद्दे को लेकर भी बवाल हुआ। परीक्षण के बाद डॉक्टर ने स्थिति नियंत्रण में बताई, जिस पर महिलाएं वापस प्रदर्शन स्थल पर पहुंच गईं। रात से उनका प्रदर्शन फिर शुरू हो गया है।



पुरूष कर्मी ने हाथ मरोड़ा

इस घटनाक्रम में जख्मी हुई एक महिला का आरोप है कि प्रदर्शन स्थल पर कार्रवाई के लिए गिनती की महिला पुलिस थी। इससे ज्यादा पुरूष कर्मी थी। उनमें से ही एक ने मेरा हाथ मरोड़ा जिससे चोट आई है।

जेल भेजने की दी धमकी

रात को ही घटना में एक महिला ने नया खुलासा किया। उसने बताया कि टीआई स्तर का एक अधिकारी यहां पहुंचा था। उसके द्वारा कहा गया कि अगर हमारे किसी कर्मी को चोट आई तो सबको जेल में ठूस दूंगा।

महिलाओं पर बल प्रयोग हर दृष्टि से अनुचित

फ्लोरा मैक्स के चक्कर में पड़कर जिले की हजारों महिलाओं को आर्थिक नुकसान हुआ है। उन पर मानसिक संकट भी आ खड़ा हुआ है। महिलाएं अगर माइक्रो फायनेंस कंपनियों के फेर में कर्जदार बनने को लेकर सरकार से कर्ज माफी की मांग कर रहीं हैं तो यह गलत नहीं है। प्रदर्शन उनका अधिकार है। उन पर किया गया बल प्रयोग हर दृष्टि से अनुचित है।

हरीश परसाई, कांग्रेस नेता

आर्थिक नाकाबंदी जरूर होगी

महिलाओं को कर्जदार बनाए जाने का मामला अत्यंत गंभीर है। इसे लेकर मैं आर्थिक नाकाबंदी करने के निर्णय पर अड़िग हूं। रात्रि के घटनाक्रम को लेकर एसपी से बात हुई है जिसमें पता चला कि कुछ महिलाओं का शुगर लेबल कम होने पर उन्हें अस्पताल भेजा गया। इसी दौरान अप्रिय स्थिति निर्मित हुई।

-फूलसिंह राठिया, विधायक रामपुर

दोषियों पर हो एक्शन

बड़ी संख्या में महिलाओं को कर्जदार बनाने को लेकर जो भी लोग दोषी हैं, अनिवार्य रूप से उन सभी के खिलाफ प्रशासन को कठोर एक्शन लेना चाहिए। चिंताजनक यह है कि लालच के चक्कर में महिलाएं गलत रास्ते पर आईं और नुकसान करा बैठीं।

-चंद्रलोक सिंह, भाजपा नेता

कर्मशाला कर्मियों को सड़क सुरक्षा के नियम बताये पुलिस ने

कोरबा। ट्रैफिक पुलिस ने हर तरफ लोगों को सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूक करना जारी रखा है। इस कड़ी में एसईसीएल की कोरबा स्थित केन्द्रीय कर्मशाला पहुंचकर कर्मियों को नियमों की जानकारी दी गई।

कर्मशाला परिसर में ट्रैफिक पुलिस ने अभियान के अंतर्गत प्रयास किया। डीएसपी डीके सिंह और एएसआई मनोज राठौर ने टीम के साथ यहां उपस्थिति दर्ज करायी। कर्मियों को दुपहिया चलाने के मामले में पर्याप्त सावधानी बरतने को कहा गया। उन्हें कहा गया कि सड़क दुर्घटना में सबसे अधिक मौत दुपहिया चालकों की होती है। अब तक के अध्यन में यह बात स्पष्ट हुई है, इसलिए आपसभी गाड़ी चलाने के दौरान हेलमेट लगाए। आईएसआई मार्क वाले हेलमेट दुर्घटना में आपकी रक्षा करते हैं। इसलिए इसे वैकल्पिक तौर पर न लिया जाए। अभियान के दौरान कुछ कर्मियों ने बताया कि सड़क जागरूकता के प्रति बताया कि वे आगे से नियम पालन करने के मामले में गंभीरता दिखाएंगे। डीएसपी ने बताया कि 31 जनवरी तक जिले भर में सड़क सुरक्षा को लेकर विभिन्न कार्यक्रम संचालित किये जाने है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों से लेकर व्यवसायियों और आम लोगों को सतर्क करना है।

हादसे में दो चालक घायल

कोरबा। जिले की सड़कों पर दौड़ने वाली भारी वाहनों के कारण लगातार हादसे हो रहे है। ऐसा कोई दिन नहीं जाता जब जिले की कोई सड़क खून से लाल ना होती हो। एक बार फिर से पसान थाना क्षेत्र में जबरदस्त हादसा हुआ। जटगा चौकी अंतर्गत लैंगा गांव के पास दो ट्रकों में आमने सामने जबरदस्त भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद दोनों ही वाहनों के सामने का हिस्स बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना में दोनों ही ट्रकों के चालक गंभीर रुप से घायल हो गए। सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

स्कूल में दुर्व्यवहार की शिकायत

कोरबा। जिले में धर्मांतरण को लेकर एक अलग ही माहौल बन गया है। रोजाना इस तरह के मामले सामने आ रहे हैं,जिससे शहर का शांत माहौल अशांत होने लगा है। कोरबा में एक बार फिर से ऐसा ही कुछ देखने को मिला है। सीएसईबी खेल मैदान के पास संचालित बिकन हायर सेकंडरी स्कूल में घुसकर कुछ असमाजिक तत्वों ने जमकर बवाल किया। क्रिश्चियन कम्युनिटी द्वारा स्कूल का संचालन किया जाता है। अपनी शिकायत लेकर एसपी ऑफिस पहुंचे स्कूल प्रबंधन ने आरोप लगाया,कि योगेश जायसवाल व उनके साथियों ने शिक्षकों के साथ अभद्रता की और बच्चों के बीच भय पैदा करने का प्रयास किया गया। उन्होंने इस संबंध में दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

कार्यकर्ता सम्मेलन भिलाई बाजार में

कोरबा। भिलाई बाजार नगर मंडल में कल भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया है, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रेमचंद पटेल उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ नेता ज्योतिनंद दुबे करेंगे। अतिथि के रूप में भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष चुलेश्वर राठौर मौजूद रहेंगे। इस आशय की जानकारी देते हुए नगर मंडल अध्यक्ष दिनेश राठौर ने बताया कि पंचायत चुनाव को लेकर यह कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है, जिसमें बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं को बुलाया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हेमंत तिवारी, विनोद यादव सहित अन्य कार्यकर्ताओं द्वारा तैयारी की जा रही है।

कल कटघोरा में रहेंगे जिलाध्यक्ष शर्मा

कोरबा। भाजपा के जिलाध्यक्ष मनोज शर्मा कल चार मंडलों का दौरा करने के बाद कटघोरा व छूरी में कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे। छूरी पहुंचने पर उनका हीरानंद पंजवानी, महेन्द्र राजपूत, देवेन्द्र देवांगन, रमेश श्रीवास, प्रीतम देवांगन के द्वारा स्वागत किया जाएगा। इसके बाद कटघोरा में कार्यक्रम आयोजित है, जिसकी तैयारी मंडल अध्यक्ष अभिषेक गर्ग समजीत सिंह, अनुराग दुहलानी, जय गर्ग, किशन केशरवानी, विवेक मारकंडे सहित अन्य कार्यकर्ताओं द्वारा की जा रही है।

भाजपाई करेंगे हनुमान चालीसा पाठ

कोरबा। अयोध्या में राम मंदिर के स्थापना को एक वर्ष पूर्ण होने पर आज सर्वमंगला नगर मंडल के भाजपा कार्यकर्ता कुचैना मोड़ पर स्थित हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे। इस दौरान प्रसाद वितरण किया जाएगा। मंडल अध्यक्ष मनीष मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में माधव जायसवाल, विनोद राजपूत, बॉबी गभेल सहित अन्य कार्यकर्ताओं को बुलाया गया है।

शिव महापुराण कथा का समापन कल

कोरबा। मुड़ापार क्षेत्र में महिला मंडल की ओर से आयोजित सात दिवसीय शिव महापुराण कथा का समापन हवन-पूजन और भंडारा के साथ 12 जनवरी को होगा। इसके लिए तैयारी जारी है।

दंपत्ति में विवाद के बाद महाभारत, कार पर चली लाठियां

दीपका पुलिस ने दो पक्षों के खिलाफ दर्ज किया अपराध

कोरबा। एसईसीएल की दीपका स्थित प्रगति नगर कालोनी में पिछली शाम जमकर महाभारत हो गया। पहले से बने हुए विवाद के बाद यह स्थिति निर्मित हुई। इस दौरान जमकर तोड़फोड़ हुई। एक कार को भी नुकसान पहुंचाया गया। बाद में पति-पत्नी थाने पहुंचे और रिपोर्ट दर्ज कराई। कई लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

कोरबा जिले के दीपका थानांतर्गत प्रगति नगर कालोनी में यह घटना पिछली शाम हुई। हमारे संवाददाता ने बताया कि प्रगतिनगर में एमडी-1376 आवास में खिलेंद्र कुमार राठौर परिवार के साथ निवासरत हैं, वे प्राइवेट कंपनी में नियोजित हैं। पारिवारिक कारणों से पत्नी दीपमाला राठौर के साथ विवाद चल रहा है। इसे लेकर आए दिन तनातनी होते रहती है। खबर के अनुसार शुक्रवार को दीपमाला के यहां पहुंचने के बाद फिर हालात बिगड़ गए। उसके साथ कुछ सहयोगी भी थे। मालूम हुआ कि खिलेंद्र और उसके माता-पिता से मारपीट करने के बाद उन्होंने बचाव को लेकर प्रयास किया। इसके साथ ही पुलिस को जानकारी दी। इस आवास के बाहर खड़ी एक कार को भी अराजक तत्वों के द्वारा निशाना बनाया गया। निगरानी के लिए लगाए गए सीसीटीवी कैमरे में ये तस्वीरें कैद हुई है। इनमें दो-तीन युवकों को लगातार लाठी-डंडे चलाते हुए देखा जा रहा है। उन्होंने घर के भीतर भी तमाशा किया। एएसआई जितेश सिंह ने बताया कि पहले मामले में खिलेंद्र राठौर की रिपोर्ट पर पत्नी दीपमाला, पति देवेन्द्र, अतुल और एक अन्य के खिलाफ गाली-गलौज, मारपीट का प्रकरण दर्ज किया गया है जबकि दूसरे प्रकरण में दीपमाला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है इसमें खिलेंद्र को आरोपी नामजद किया गया है। पुलिस का कहना है कि उसके पास युवकों के द्वारा कार को नुकसान पहुंचाने जैसी कोई सूचनाएं फिलहाल नहीं मिली है।

भामसं कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

कोरबा। बैंक से ऋण लेने के मामले को लेकर भामसं के कार्यकर्ताओं ने रैली निकालते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने कहा कि सैकड़ों महिलाओं को बैंक से ऋण दिया गया, लेकिन महिलाएं इस मामले में काफी परेशान है। रैली में आरएस जायसवाल, नवरतन बरेठ, अजय मिश्रा, वेंकटराव, चंद्रशेखर दुबे, शरद नायर, माखन वर्मा, रंजय सिंह, भीम चौहान, अंकित शुक्ला, संदीप राठौर, केदार राठौर सहित अनेकों कार्यकर्ता शामिल हुए।

***कोरबा।** शीतलहर के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले दो दिन से हाल बुरा है।

निकाय और पंचायत चुनाव में विधर्मी को टिकट दी तो घोर विरोध

भाजपा और कांग्रेस जिलाध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

कोरबा। नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर प्रशासन ने आरक्षण की प्रक्रिया पूरी कर ली है। पार्टियां प्रत्याशी चयन को लेकर माथापच्ची कर रहीं हैं। इस काम में अभी देरी है। इससे पहले दोनों प्रमुख पार्टियों के लिए नया सिरदर्द पैदा हो गया है। पांच संगठनों ने मिलकर भाजपा और कांग्रेस के जिलाध्यक्ष से कहा है कि वे चुनाव में विधर्मियों को टिकट देने से बचें वरना हर कहीं उनका सामूहिक विरोध किया जाएगा।

खबर के अनुसार विश्व हिंदू परिषद, आदित्य वाहिनी, हिंदू जागरण मंच, धर्मसेना और धर्म जागरण की ओर से इस मामले को लेकर पार्टी के जिलाध्यक्ष से मिलकर ज्ञापन सौंपा गया। इसमें साफ तौर पर कहा गया कि दोनों चुनाव में वे विधर्मियों को प्रत्याशी न बनाएं। उनकी गतिविधि के कारण चौतरफा अशांति और असुरक्षा की भावना पैदा हुई है। पाकिस्तान और बांग्लादेश के घटनाक्रम को उनकी जानकारी में लाया गया। यह भी कहा गया कि चुनावों को लेकर यह निर्णय हिंदू समाज के विश्वास पर सहयोग को बनाए रखने में सहायक होगा। आग्रह की अनदेखी करने पर पार्टियों के द्वारा लिए जाने वाले अप्रिय निर्णय का सामूहिक विरोध करेंगे और प्रत्याशी के खिलाफ आंदोलन भी किया जाएगा।

पूर्व प्रधानमंत्री शास्त्री को दी जाएगी श्रद्धांजलि

कोरबा। भाजपा कोसाबाड़ी नगर मंडल के द्वारा आज पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री के पुण्य तिथि पर कोसाबाड़ी चौक में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह, मंडल अध्यक्ष राजेश राठौर, सुभाष राठौर, रामनारायण सोनी, पिंकु रंजन, दिनेश सेन, सिद्धांत नारायण सोनी, मिलापराम कर्ष, मैनेजर दास, दिनेश तिवारी, सुमन सोनी, रमा मिरी सहित अनेकों कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

कामगारों की समस्याओं पर चर्चा

कोरबा। भारतीय कोयला खदान मजदूर संगठन और एसईसीएल प्रबंधन के मध्य आईआर की वार्ता कुसमुंडा में आयोजित की गई। जिसमें कोयला कामगारों की समस्याओं को प्रबंधन के सामने रखा गया। खासकर ओटी करने वाले कोयला कामगारों को पैसे से वंचित होना पड़ रहा है। इसी तरह आवास की समस्या अभी भी बनी हुई है। लगातार दो वर्षों से नए आवास बनाने की मांग की जा रही है। लेकिन अभी तक यह मामला लंबित है। हीरेंद्र चंद्रा, अम्या मिश्रा ने, आवासों के मरम्मतीकरण के मामले को भी उठाया। उन्होंने कहा कि कोयला कामगार अपने मकान के समस्या को लेकर आवेदन प्रबंधन के पास जमा किया है, लेकिन उन आवेदनों पर कोई कार्यवाही नहीं हो रही है।

एसडीएम के आदेश पर ब्रेक कमिश्नर ने सरपंच को दिया स्टे

कोरबा। कोरबा एसडीएम की कार्रवाई को कमिश्नर कोर्ट से झटका लगा है। विकासखंड कोरबा की रजगामार पंचायत के सरपंच को बर्खास्त करने संबंधी आदेश को चुनौती दी गई थी। जिस पर स्टे दे दिया गया। कहा गया कि कार्रवाई अनुचित तरीके से की गई।

हाल में ही एक मामले को लेकर कमिश्नर कोर्ट ने इस प्रकरण की सुनवाई की। रमुला राठिया सरपंच के द्वारा धारा 40 और 92 के अंतर्गत अपने विरूद्ध की गई एसडीएम की कार्रवाई को चुनौती दी गई थी। साफ तौर पर कहा गया कि इस बारे में न तो प्रकरण बना और न ही उन्हें कोई नोटिस दिया गया। ऐसे में अपना पक्ष रखने का पर्याप्त अवसर देने की जरूरत नहीं समझी गई। जबकि सरपंच 15 दिन का समय मांगा था। इसके पहले ही कार्रवाई करते हुए उसके विरूद्ध बखास्तगी का आदेश जारी कर दिया गया। कमिश्नर कोर्ट में लगाए गए आवेदन में कहा गया कि प्रशासन के अधिकारी की ओर से पूरे मामले में दुर्भावनापूर्वक कार्रवाई की गई और एकतरफा आदेश जारी किया गया।

सरपंच की ओर से लगाए गए आवेदन को लेकर कमिश्नर कोर्ट ने आदेश जारी किया है। इसमें कहा गया कि इस न्यायालय के प्रकरण क्रमांक-202501990200003/31-89(23)/2024-25 आवेदिका श्रीमती रमुला राठिया सरपंच ग्राम पंचायत रजगामार बनाम छ.ग. शासन में पारित आदेश दिनांक 09/01/2025 के अनुसार अनुविभागीय अधिकारी (राठ) कोरबा द्वारा जारी कारण बताओ सूचना पत्र दिनांक 06/12/2024 के क्रियान्वयन एवं धारा 92 एवं 40 के अंतर्गत संधारित प्रकरण में किये जा रहे कार्यवाही पर आगामी 15 दिवस तक के लिए स्थगन दिया जाता है।

स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com